


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 327

ग्वालियर, गुरुवार, 20 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### पुलिसकर्मियों के कोरोना पॉजिटिव होने से मुंबई-पुणे में पुलिस की बढ़ी चिंता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसमें काफी संख्या में पुलिसकर्मी भी संक्रमित पाए जा रहे हैं। मुंबई और पुणे में काफी संख्या में पुलिसकर्मी संक्रमित हो रहे हैं। पुणे पुलिस ने बताया है कि कल पुणे शहर में 21 पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित पाए गए। इसे लेकर शहर में कोरोना से संक्रमित पुलिसकर्मियों की संख्या 504 हो गई है। पुणे से सटे मुंबई में भी पुलिसर्मियों के लगातार संक्रमित होने का सिलसिला जारी है। मुंबई में पिछले 24 घंटों में 28 पुलिसकर्मीयों की करोना वायरस टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मुंबई पुलिस ने बताया है कि अब तक कुल 10,666 पुलिसकर्मी पॉजिटिव पाए गए हैं और कुल 127 पुलिसकर्मीयों की कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से मौत हो चुकी है। सक्रिय मामलों की संख्या 1,273 है। मुंबई में कोरोना के 6 हजार से भी ज्यादा मामले दर्ज किए गए। बीते 24 घंटों में कोरोना के 6,149 मामले सामने आए। साथ ही इस संक्रमण की चपेट में आने से 7 लोगों की मौत हुई। सोमवार के आंकड़ों की तुलना में मंगलवार को 193 अधिक मामले आए थे। बता दें कि कल जारी आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में 39,207 नए कोविड मामले, 38,824 रिकवरी और 53 मौतें दर्ज की गई थीं। राज्य में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 2,67,659 है। इस बीच अच्छी बात ये रही कि कल राज्य में ओमिक्रॉन वेरिएंट का कोई नया मामला सामने नहीं आया।

### दुल्हन के पिता का काटा चालान तो पुलिस चौकी में तोड़फोड़

**मेरठ।** दुल्हन के पिता का चालान काटने पर भडके लोगों ने पुलिस चौकी में जमकर तोडफोड कर दी कुछ अराजक तत्वों ने चौकी में घुसकर तोड़फोड़ की। यह घटना उत्तर प्रदेश के मेरठ की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 10 से 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। अब इस मामले की जांच की जा रही है। यह मामला मेरठ के नौचंदी थाना के शास्त्री नगर चौकी का है, जहां पर चेकिंग के दौरान दुल्हन के पिता का चालान काटने को लेकर पुलिसकर्मी और लोगों के बीच नोकझोंक हो गई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस चौकी में जाकर बवाल काटा। चौकी में जमकर तोड़फोड़ की। हंगामे और तोड़फोड़ की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर अराजक तत्वों को मौके से खदेड़ दिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इनकी तलाश की जा रही है। वहीं इस मामले एसपपी विनीत भटनागर का कहना है कि चालान काटने को लेकर कुछ लोगों ने चौकी में जाकर तोड़फोड़ की। जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस मामले की जांच की जा रही है।

### दूरसंचार विभाग ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग सिम कार्ड नियमों में किए बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग कार्ड की बिक्री के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) संबंधी नियमों में संशोधन किया है। विभाग ने कहा कि यह कदम उपभोक्ता संरक्षण को बेहतर करने के लिए उठाया गया है। विभाग ने कहा कि इस कदम से विदेश जाने वाले भारतीयों को फायदा मिलेगा। साथ ही इससे प्रक्रियाओं को अन्य लाइसेंस की तर्ज पर सुसंगत बनाया जा सकेगा। संशोधित नीति के तहत एनओसी धारकों को ग्राहक सेवा, संपर्क ब्यौरे, शुल्क प्लान और सेवाओं की पेशकश आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराने के लिए प्रावधान करना होगा। इसके अलावा बिलिंग और उपभोक्ता शिकायत निपटान को मजबूत करने के लिए भी इसमें प्रावधान किए गए हैं।

### टिकट न मिलने से नाराज एसके शर्मा ने भाजपा से इस्तीफा दिया

**मथुरा।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एसके शर्मा ने इस बार विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट न दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी करते हुए शनिवार को मथुरा की मांट विधानसभा सीट से पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता राजेश चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है। इससे नाराज शर्मा के समर्थक तभी से भाजपा के कार्यालय पर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि उन्हें साजिश के तहत टिकट नहीं दिया। भाजपा नेता संवाददाताओं के समक्ष फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने कहा, ''भाजपा की अब वह विचारधारा नहीं रही, जिसके लिए वह अन्य दलों से अलग मानी जाती थी। अब तो यहां 'खाने और खिलाने' वाले नेताओं की भरमार है।

#### लपटों में घिरी चीखती रही महिला

## सूरत में चलती बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी एसी का कंप्रेसर फटा तो यह और भड़क गई



**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार रात एक निजी लग्जरी बस में आग लगने से उसमें सवार एक महिला की जलकर मौत हो गई। इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला खिड़की के बाहर हाथ फैलाकर मदद की गुहार लगा रही है। यह आपको विचलित कर सकता है। हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है जिसे सूरत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सूरत के मुख्य फायर ब्रिगेड ऑफिसर बसंत पारिक ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बस में आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। वायरिंग के जलते रहने के चलते गर्मी बढ़ गई थी, जिससे एसी कंप्रेसर में विस्फोट हो गया और आग बहुत तेजी से फैल गई और 58 सेकेंड में ही जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब बस ने कटारगाम इलाके से भावनगर के लिए यात्रा शुरू की तो उसमें बहुत कम यात्री थे। पारिक ने बताया कि जब यह बस रात करीब साढ़े नौ बजे हीराबाग सर्किल में और यात्रियों को लेने के लिए पहुंची तो अचानक चिंगारी और विस्फोट के बाद बस के पिछले हिस्से में आग लग गई। पीछे से आ रही दूसरी बस के ड्राइवर ने इस बस के ड्राइवर को जानकारी दी थी।। ड्राइवर ने तुरंत बस रोकी और यात्रियों को बस से उतरने के लिए कहा, लेकिन 2-3 मिनट में ही पूरी बस आग में घिर गई और जलकर खाक हो गई।

### लता मंगेशकर की हालत अब पहले से बेहतर

**मुंबई।** कोरोना पॉजिटिव होने के बाद विगत 11 दिन से दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती मशहूर गायिका लता मंगेशकर की हालत पहले से बेहतर और स्थिर है. बताया गया है कि 92 साल की लता मंगेशकर को कोरोना के साथ-साथ निमोनिया भी हो गया है, जिसे कोविड निमोनिया के तौर पर भी जाना जाता है. आईसीयू में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. लता मंगेशकर की प्रवक्ता ने कहा कि, लता मंगेशकर की हालत स्थिर और पहले से बेहतर है. उनकी उम्र को देखते हुए डॉक्टर उन्हें डिस्चार्ज करने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वो पूरी तरह से ठीक हो जाएं।

## शीतलहर से कांपा यूपी अगले एक हफ्ते जारी रहेगा सर्दी का सितम



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत पूरा उत्तर प्रदेश ठंड से कांप रहा है। पारा दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच-छह डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया है। अधिकतम तापमान भी 11 से 16 डिग्री सेल्सियस तक है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते 24 घंटे में गाजीपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह धुंध के साये में बीता। इसके बाद ठण्डी हवाओं से पूरे दिन गलन बनी रही। मौसम विभाग का कहना है कि करीब सप्ताह भर ऐसी ही कड़ाके की ठंड बनी रहेगी। 20 और 21 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदली और बरसात की संभावना है। गाजीपुर सबसे ठण्डा रहा। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। इस सर्दी की सबसे ठण्डी रात और सबसे ठण्डा दिन मंगलवार रहा। दिन भर चली ठण्डी हवाओं ने शाम को और रफ्तार पकड़ी। न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इतना ठण्डा तो मंगलवार को शिमला भी नहीं रहा। शिमला में मंगलवार को अधिकतम पारा 15.3 डिग्री तो न्यूनतम 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक दिन का तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से नौ डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### सपा सरकार आने पर शुरू होगी समाजवादी पेंशन योजनाः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा चीफ अखिलेश यादव ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उनकी पार्टी की सरकार आने पर समाजवादी पेंशन योजना की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत गरीब महिलाओं को सालाना 18,000 रुपए की आर्थिक मदद भी दी जाएगी। पहले यह रकम 6000 रुपए होती थी। उन्होंने इस दौरान मुसहर जनजाति और लखनऊ के करीब स्थित मोहनलालगंज क्षेत्र में एक सपेरे के गांव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन समुदाय के लोगों के लिए शत प्रतिशत समाजवादी पेंशन योजना से जोड़ने का काम किया गया है। अखिलेश यादव ने अपने चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि, अगर मैंने चुनाव लड़ा तो, आजमगढ़ की जनता से अनुमति लेकर ही लड़ूंगा, क्योंकि वहां के लोगों ने मुझे जिताया था। इधर, यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव आज बीजेपी में शामिल हो गई हैं।



## मुंबई में गे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार



**मुंबई।** अमूमन आपने अबतक सेक्स रैकेट या हनि ट्रैप की ख़बरें पढ़ी होंगी मगर मुंबई पुलिस ने पहली बार 'गे सेक्स' रैकेट का पर्दाफाश करते हुए गैंग का खुलासा किया है. वहीं, पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं. पुलिस के अनुसार ये गैंग बीते कई महीने से ऑनलाइन डेटिंग गे ऐप 'ग्राइंडर' के जरिए यह रैकेट चला रहा था और लोगों को ब्लैकमेलिंग भी करता था. हालांकि पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि इनके क्लाइंट्स में कई हाई प्रोफाइल लोग भी शामिल हैं. वहीं, पुलिस इन युवकों की गिरफ्तारी के बाद हाई प्रोफाइल लोगों पर भी शिकंजा कसेगी. बताया गया है कि पुलिस ने इस मामले में मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. वहीं, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरफान फुरकान खान (26), अहमद फारूकी शेख (24) और इमरान शफीक शेख (24) के रूप में हुई है. हालांकि इस मामले के 2 अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं. इस दौरान इन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस का सहारा लिया. जांच में सामने आया है कि यह ऑनलाइन ऐप के माध्यम से 'गे' लोगों से संपर्क करते थे और उनसे पैसे लेकर सेक्स मुहैया कराने का वादा करते थे. दरअसल, ये मामला मुंबई के पश्चिमी उपनगर मालाड के मालवणी पुलिस स्टेशन इलाके का है. पुलिस अधिकारी के मुताबिक जहां आरोपियों ने एक कंपनी में अकाउंटेंट के तौर पर काम करने वाले 23 साल के एक शख्स को गे डेटिंग ऐप के जरिए अपने जाल में फंसाया था. इस दौरान उससे हर घंटे के हिसाब से 1 हजार रुपए की मांग की गई. ऐसे में सब कुछ फाइनल होने के बाद पीड़ित, आरोपी द्वारा बताए पते पर पहुंचा।


### गोवा में अमित पालेकर होंगे आप के सीएम उम्मीदवारः केजरीवाल

**पणजी।** गोवा में विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने सीएम उम्मीदवार के नाम को लेकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आप ने अमित पालेकर को विधानसभा चुनाव के लिए सीएम उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली के सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उनके नाम का ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने पिछले हफ्ते यहां सेंट आंद्रे और सिरोदा निर्वाचन क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान शुरू करते हुए राज्य में एक ईमानदार सरकार का वादा किया था। इस अभियान में उनके साथ आप गोवा के संयोजक राहुल म्हाम्ब्रे और पार्टी नेता अमित पालेकर भी मौजूद थे। उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार महादेव नाइक और आप के अन्य नेताओं के साथ सिरोदा में घर-घर जाकर प्रचार किया था। इस दौरान उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लोगों की शिकायतें भी सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि एक बार राज्य में आप के सत्ता में आने के बाद पार्टी उनके सभी मुद्दों का समाधान करेगी। उन्होंने कहा, लोग एक नई पार्टी को मौका देने के लिए उत्साहित हैं और एक ईमानदार विकल्प की तलाश कर रहे हैं।









# अंतर्राष्ट्रीयय टेनिस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के 12 खिलाड़ी पेश करेंगे अपनी चुनौती

**इन्दौर ।** म.प्र. टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्व. विद्यादेवी कक्कड़ मेमोरियल इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ ग्रेड-5 टेनिस चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के 12 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। टूर्नामेंट का मुख्य दौर 24 जनवरी से शुरू होगा। 22 व 23 जनवरी को क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय टेनिस संघ व म.प्र. टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट के जरिए प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में प्रदेश के 12 खिलाड़ी देश-विदेश के शीर्ष खिलाड़ड़ियों के बीच अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रदेश में लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हो रही है, जिससे खिलाड़ियों को मौके मिल रहे है। प्रतियोगिता में 120 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

## खिताब जीतने वालों को मिलेंगे 30 आईटीएफ अंक

महासचिव धूपर ने बताया कि जूनियर खिलाड़ियों के लिए यह स्पर्धा काफी महत्वपूर्ण रहती है। इस टूर्नामेंट को जीतने पर एकल खिलाड़ियों को 30 आईटीएफ अंक हासिल होते हैं, जो उनकी रैंकिंग को बड़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वहीं उपविजेता एकल खिलाड़ियों को 18 अंक, सेमीफाइनल खेलने पर 9 अंक, क्वार्टर फाइनल खेलने पर 5 अंक मिलते है। इसी तरह युगल वर्ग का खिताब जीतने पर 25 आईटीएफ अंक मिलते है।

## क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले 22 से

स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले 22 और 23 जनवरी को खेले जाएंगे। मुख्य दौर 24 जनवरी से शुरू होगा। अंडर-18 बालक व बालिका वर्ग में हो रहे इस टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य दौर में 4 बालक व 4 बालिका मुख्य दौर में प्रवेश करेंगे। क्वालीफाइंग दौर और मुख्य दौर में 32-32 का ड्रॉ रहेगा। इस टेनिस चैंपियनशिप के लिए मुख्य रैफरी महाराष्ट्र के व्हाइट बैच रैफरी एंटोन डिसूजा नियुक्त किए गए है। इस टूर्नामेंट का यह लगातार 14वां वर्ष है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाज रबाडा को दिया आराम

**केपटाउन ।** दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया है। रबाडा को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय सीरीज आज से शुरु हो रही है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने एक बयान में कहा कि रबाडा को भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज से विश्राम दिया गया है क्योंकि पिछले कुछ समय से उन पर काम का बोझ अधिक रखा है जिसको देखते हुए ही उन्हें आराम दिया गया है ताकि वह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए पूरी तरह से फिट रहें। बोर्ड ने यह भी कहा कि रबाडा की जगह किसी अन्य को टीम में शामिल नहीं किया गया है हालांकि जार्ज लिंडे को अतिरिक्त स्पिन गेंदबाजी विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीकी टीम इस प्रकार है : तेम्बा बावुमा (कप्तान) केशव महाराज (उपकप्तान) क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), जुबैर हमजा, मार्को जेनसेन, जानेमन मलान, सिसांडा मगला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, वायने पर्नेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, जॉर्ज लिंडे, तबरेज शम्सी, रासी वान डर डुसेन और काइल वेरेन।

### रेनेसां का एनएफएल फुटबॉल लीग के साथ करार

**नई दिल्ली ।** आभूषण विनिर्माता रेनेसां ग्लोबल लिमिटेड ने अमेरिका की नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के साथ एक लाइसेंसिंग करार किया है। इसके तहत एनएफएल ब्रांडेड आभूषण संग्रह के डिजायन तैयार किए जाएंगे , नए आभूषण संग्रह में खेल भावना को दिखाया जाएगा। कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत विकसित आभूषण संग्रह को अमेरिकी बाजार में बेचा जाएगा। रेनेसां ग्लोबल लिमिटेड के चेयरमैन और वैश्विक सीईओ सुमित शाह ने कहा, ''नेशनल फुटबॉल लीग एक प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड है, जिसे दुनिया भर के सभी फुटबॉल प्रेमी पसंद करते हैं। हमें इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा कि नए आभूषण संग्रह में खेल भावना को दिखाया जाएगा। इसस देश में फुटबॉल को भी बढ़ावा मिलेगा।

### कॉलरवाली बाघिन की मौत से दुखी हैं सचिन

**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मध्य प्रदेश के सिवनी स्थित पेंच बाघ अभयारण्य की बाघिन कॉलरवाली की मौत पर दुख व्यक्त किया है। तेंदुलकर ने सोमवार शाम को ट्वीट कर इस बाघिन के अंतिम संस्कार की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''वन्यजीव प्रेमी एवं समर्थक समझ सकते हैं कि एक बेहतरीन बाघिन जब हमेशा के लिए चुप हो जाती है, तो यह कितना दुखदायी होता है। कॉलरवाली बाघिन की आत्मा को शांति मिले।''

# पार्ल में विराट कर सकते हैं रिकॉर्ड्स की बारिश, चहल के पास भी इतिहास रचने का

**पार्ल।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच आज से 3 मैचों की वनडे सीरीज सीरीज शुरू होने जा रही है। पहला मुकाबला पार्ल के मैदान पर होगा। टेस्ट सीरीज गंवा चुकी भारतीय टीम से वनडे सीरीज में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। आइए जानते हैं इस मैच में कौन-कौन से बड़े रिकॉर्ड बन सकते हैं।

पहले वनडे में युजवेंद्र चहल अगर 3 विकेट ले लेते हैं तो इस फॉर्मेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लेंगे। टीम इंडिया के लिए 100 वनडे विकेट लेने वाले चहल कुल 24वें खिलाड़ी होंगे। साथ ही अगर वह 3 विकेट ले लेते हैं, तो भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले तीसरे बॉलर बन जाएंगे।



चहल ने अभी तक 56 वनडे में 97 विकेट लिए हैं।

युजवेंद्र चहल अगर पहले मुकाबले में 2 विकेट भी लेते हैं, तो अफ्रीका में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। चहल ने सा. अफ्रीका में 16 विकेट लिए हैं। फिलहाल यह रिकॉर्ड कुलदीप यादव (17 विकेट) के नाम पर दर्ज है।

कोहली छोड़ेंगे सचिन को पीछे : पार्ल वनडे में विराट कोहली अगर 9 रन बना लेते हैं, तो टीम इंडिया के लिए भारत के बाहर सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक कोहली ने भारत के बाहर खेलते हुए 107 मैचों में 5057 रन बनाए हैं। फिलहाल ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर (5065) के नाम पर दर्ज है।इतना ही नहीं कोहली अगर 27 रन का आंकड़ा छू लेते हैं, तो अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर (2001) के बाद दूसरे भारतीय बन जाएंगे।

# लीजेंड्स लीग में आमने-सामने होंगे सहवाग और अख्तर

**मस्कट ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर बुधवार से यहां शुरु हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टी20 टूर्नामेंट में खेलते नजर आयें। सहवाग इसमें 'इंडियन महाराज' टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक 'एशिया लायंस' टीम की कमान संभालेंगे। पूर्व क्रिकेटरों की इस लीग में भारत , पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी खेल रहे हैं। इस लीग में शोएब अख्तर के अलावा पाक के मोहम्मद हाफिज, उमर गुल और श्रीलंका के सनथ जयसूर्या, तिलकरत्ने दिलशान, चमिंडा वास के अलावा ,बांग्लादेश के हबीबुल बशर भी खेल रहे हैं।






# आने वाले मुकाबलों के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर बना रही अदिति

**नई दिल्ली ।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अदिति भट्ट भविष्य के मुकाबलों के लिए आजकल अपनी तैयारियों को बेहतर करने में लगी हैं। अदिति इसके लिए अपने स्ट्रोक्स और दमखम पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अदिति ने उबेर कप फाइनल्स में थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले में विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान के खिलाफ जमकर संघर्ष किया था हालांकि वह तीन गेम तक चले मैच में हार गई थी। अदिति ने इस मैच में अपने प्रदर्शन से दिखया है कि उनकी शीर्ष खिलाड़ी बनने की संभावनाएं हैं।

डेनमार्क में अपने चार में से दो मैच जीतने वाली अदिति ने कहा, 'जब लोग कहते हैं कि आप भविष्य हो और हम आपको ओलंपिक में देखना चाहते हैं तो कई बार यह डराने वाला हो सकता है। लोग आपसे बहुत उम्मीद करते हैं लेकिन यह ठीक है, किसी तरह का दबाव नहीं है।% उन्होंने कहा, 'ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों स्पेन की अनिया सेटियन और स्कॉटलैंड की रेचेल सुगडेन के खिलाफ दो मैच जीतने के बाद मैं अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त थी लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि मैं एक गेम बुसानन के खिलाफ जीतने में सफल रहूंगी। मैं अच्छा खेल रही थी और वह दबाव में थी क्योंकि वह जूनियर से खेल रही थी। यह शानदार मैच था।




# अटेर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया





## सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का ग्राम पंचायतों में भूमि पूजन एवं लोकार्पण किए

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ग्राम पंचायतों में डाला गया व्यवधान भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव करवाना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने बार-बार विधान डालकर चुनाव नहीं होने दिए क्योंकि वह अपने को पिछड़ा वर्ग हितैषी मानते हैं और फिर उसमें रोड़ा अटकाने का काम उन्हीं लोगों ने किया जिसके लिए दिग्विजय सिंह कमलनाथ और विवेक तंखा पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव कराएगी ताकि समाज के लोग स्थानीय निकायों में बैठकर अपने क्षेत्र को विकास को मुख्यधारा से जुड़ सकें। मंत्री डॉक्टर भदोरिया ने कहा अटेर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आत्म निर्भर की दिशा से जोड़ने का काम करेंगे ताकि क्षेत्र की एक भी गली और मजरा विकास से जोड़ा जा सके केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे ताकि उन्हें योजना अकाउंट को लाभ मिल सके।

### शोक संवेदना परिवारों के बीच पहुंचकर मंत्री डॉक्टर भदोरिया ने बंधाया ढांढस

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के निवास स्थान भिंड शहर के गर्ल्स स्कूल वाली गली पहुंचकर उनके पिताजी उदयवीर सिंह भदौरिया जोरी ब्राह्मण गांव के सरपंच अखिलेश पुरोहित के पिताजी शालिग्राम पुरोहित निवास लोधी नगर भिंड पहुंचकर उनके पिताजी भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज यादव के निवास स्थान ग्राम गढ़पुरा पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से आत्मा शांति की प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान की। मंत्री डॉक्टर भदौरिया ग्राम पंचायत रिदौली में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन ग्राम पंचायत में पर बौरेश्वर मार्ग का लोकार्पण कदौरा मैं करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया के साथ किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव मंडल अध्यक्षों में शैलेंद्र सिंह भदौरिया, संतोष सिंह तोमर, रायसिंह नरवरिया, शैलेंद्र पालीवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामअवतार शिवहरे, देवेंद्र सिंह भदौरिया, जनपद उपाध्यक्ष अटेर राजीव सिंह भदौरिया, अनिल सिंह भदोरिया, तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच विशेष रूप से शामिल थे।

## वरिष्ठ अधिकारियों की सह लेकिन गाज छोटे अधिकारियों पर गिरी: बृजेंद्र सिंह



भिण्ड। इंदुरखी में हुई लोगो की मौत को लेकर कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू ने कहा कि जिले में विगत 4 दिन से जहरीली शराब से मरने का सिलसिला जारी है।बावजूद इसके पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा छोटे कर्मचारियों पर गाज गिराई जा रही है।जबकि मामले की बारीकी से जांच की जाए तो शत प्रतिशत वरिष्ठ नेता या अधिकारी की संलिप्तता पाई जाएगी। क्योंकि बिना किसी अधिकारी की सह पर कोई भी अवैध कारोबार नहीं चल सकता है। इतना ही नहीं जहरीली शराब से तकरीबन एक हजार क्वार्टर बनाए गए थे। लेकिन पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि यह एक हजार क्वार्टर कहां पर सप्लाई किए गए थे। नतीजतन जल्द ही इन क्वार्टरों की जानकारी नहीं लगाई गई तो अन्य और लोगों की भी जान जा सकती है। पुलिस के द्वारा इन क्वार्टरों की जानकारी लगाना तो दूर एक दूसरे थाना प्रभारी के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। अभी तक भ्रष्ट अधिकारी है स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि शराब बनने वाली एरिया किस थाना प्रभारी के अंतर्गत आती है।इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले की कानून व्यवस्था कितनी चुस्त और दुरुस्त है।

**धड़ल्ले से चल रहा रेत का गोरखधंधाए प्रशासन रोकने में नाकाम**

कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू ने कहा कि जिले भर में रेत का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। बिना रॉयल्टी के सैकड़ों वाहन थानों से होकर गुजर रहे हैं। लेकिन थाने के द्वारा की जा रही वसूली के कारण इन रेत के वाहनों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**खुलेआम बिच रहे जिले भर में मादक पदार्थ**

वही ब्रजेन्द्र सिंह कल्लू ने कहा कि जिले भर में गली के नुक्कड़एढाबोए चाय के खोखो पर खुलेआम मादक पदार्थ बेचे जा रहे हैं। इनके लिए ना तो कोई टीम गठित की गई है और ना ही कभी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेई पर कार्रवाई के लिए केसिरया हिंदुस्तान निर्माण संघ ने सौंपा ज्ञापन



भिण्ड। केसरिया हिन्दुस्तान निर्माण संघ के जिला युवा अध्यक्ष सोहन तिवारी के नेतृत्व में बुधवार जेई आशुतोष के खिलाफ जनता के साथ बदत्तमीजी से बात करने व बिना नोटिस दिए और कोरोना काल के बिल की दी गई तिथि से पहले काटे बिजली कनेक्शन को लेकर जेई के विरुद्ध सख्त कार्यवाही व माफी मंगवाने और उसको संस्पेंड करने को लेकर महाप्रबंधक, मप्रमक्षेविविकंलि को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी आशुतोष ने कोरोना काल में बिल जो वापस दिये गये हैं वह बिल न भरे होने और उनकी तारीख 31 जनवरी है पहले तो जेई आशुतोष ने 17 जनवरी को शाम 4 बजे पेच नं.1 के पीछे रहने वाले जिनके कनेक्शन काटे हैं, उनके नाम जेपी तिवारी, मनोज चौहान, रमेश प्रजापति, रतनलाल गुप्ता एवं मुकेश जैन और जिनका पूर्ण बिल भरा हु था, उनका कनेक्शन भी जेई ने काट दिया और वहां खड़ी महिलाओं से अभद्रता की और अपने पद का दुरुपयोग किया इसलिए उपभोक्ताओं ने उनसे माफी मांगने व कनेक्शन पुनः जोड़ने के साथ अपने पद का स्तीफा दे या फिर उनका कहीं स्थानांतरण करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में गिर्राजसिंह तोमर राष्ट्रीय महामंत्री, राहुल मिश्रा, प्रतीक चौहान, सुधा प्रजापति, सुशील प्रजापति, दीपांश जैन, किशन तिवारी, दीपक शिवहरे आदि शामिल हैं।

### तीन बदमाशों ने हथियारों की दम पर लूट की वारदात को दिया अंजाम

भिण्ड। मिहोना थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार दंपती से बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियारों की दम पर लूट की वारदात की। इस घटना में बाइक सवार दंपती और बदमाशों के बीच खींचतान हुई। दो बदमाश भागने में सफल रहे, वहीं तीसरा आरोपी भागकर सरसों के खेत में छिप गया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। प्रत्यक्ष दर्शीय के मुताबिक मछंड की रहने वाली अर्चना बघेल अपने पति के साथ बाइक होकर जैतपुरा से मछंड की ओर आ रही थी, तभी पीछे से मछंड मोड़ के पास पल्सर बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश मुंह बांधकर आए। तीनों बदमाशों ने सूनसान एरिया में दिन दहाड़े दंपती से कट्टा तान दिया। इस समय महिला की ओर बदमाशों के बीच जेवरों को लेकर खींचतान शुरू हो गई। बदमाश, बाइक सवार दंपती से बाइक लूटकर ली, गले का मंगलसूत्र व कानों की बालियां लूट ले गए। दो बदमाश, पीड़ित दंपती की बाइक को लेकर भागे। वहीं तीसरा बदमाश कृष्णा जोकि लहार का रहना बताया जा रहा है वो पल्सर बाइक से भाग खड़ा हुआ। इसी समय प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को सूचना दे दी और तीसरे बदमाश को घेर लिया। क्षेत्रीय लोगों के घेराबंदी की वजह से आरोपी भाग नहीं सका और मौके पर मिहोना पुलिस आ गई। पुलिस को देख आरोपी ने सड़क पर बाइक फेंक दी और सरसों के खेत में जाकर छिप गया। सरसों के खेत की पुलिस ने घेराबंद की और आरोपी को दबोच लिया।

### उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन




**स्वामी जी राष्ट्रीय संत और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं : देवेश शर्मा**

भिण्ड। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी से मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, भिण्ड में हुआ। संस्था में संचालित विधिक साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अधक्षता प्राचार्य पी एस चौहान ने की और मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी देवेश शर्मा जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए देवेश शर्मा ने कहा स्वामी विवेकनंद ने भारतीय संस्कृति, वेदांत और योग को विश्वपटल पर पहिचान दिलाने में महत्पूर्ण योगदान दिया। वे एक राष्ट्रीय संत थे, युग प्रवर्तक के रूप में वे हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी जी के दर्शन और विचारों को हमें आत्मसात करना चाहिए। उनका जीवन दर्शन पढ़कर उनके आदर्शों से युवाओं को अनंत ऊर्जा प्राप्त होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय युवा सप्ताह स्वामी जी की 159 वीं जयंती के अवसर पर मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय युवा वर्ष 2022 की थीम इट्स ऑल इन द माइंड यानी यह सब दिमाग में है, रखी गई है। युवा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां निबंध एवं चित्रकला प्रतियगिता आदि ऑनलाइन संपन्न कराई गई तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी कोविड गाइडलाइन का पालन

# भिण्ड जिले के डेढ़ हजार बूथ केन्द्रों को डिजिटल करेंगे : धैर्यवर्धन

### कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष पर 1500 कार्यकर्ता संगठन विस्तार के लिए उतरेंगे बूथ केन्द्रों पर

### बूथ विस्तारक योजना के जिला प्रभारी शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा



भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय विचारक संगठन के वट वृक्ष कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती पर संकल्प लेकर भिण्ड जिले के 1480 बूथ केन्द्रों को ठाकरे के मानस पुत्र धैर्यवर्धन डिजिटल करेंगे। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अभी तक जितने भी अभियान हाथ में लिए हैं उन सभी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू होने वाली बूथ विस्तारक योजना राजनीतिक इतिहास में अभी तक का पार्टी का सबसे बड़ा अभियान है। इस अभियान के माध्यम से हमारे बूथ डिजिटल तो होंगे ही, साथ ही संगठन का कार्य विस्तार भी होगा। 'संगठन एप' बूथ को डिजिटल बूथ बनाने में महत्वपूर्ण कड़ी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के बूथ विस्तारक योजना के भिण्ड जिला प्रभारी प्रदेश के पूर्व प्रवक्ता धैर्यवर्धन शर्मा ने भिण्ड सर्किट हाउस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहीं। पत्रकार वार्ता में शामिल डॉ. तरुण शर्मा, शिवप्रताप सिंह राजावत मौजूद थे। भाजपा नेता शर्मा ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तीकरण के लिए बूथ विस्तारक योजना महत्वपूर्ण है कि कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष में बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत 20 जनवरी से 10 दिन में हमारे 20 हजार विस्तारक 100 घण्टे अपने निर्धारित बूथों पर देंगे, इस तरह हमारे कार्यकर्ता 20 लाख घण्टे बूथों पर कार्य कर कुशाभाऊ ठाकरे को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने कहा कि हम कुशभाऊ ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त संगठन के लिए काम किया। इसलिए बूथ विस्तारक योजना संगठन के विस्तार और सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण योजना है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा समय के साथ नवाचारों को अंगीकार कर आगे बढ़ी है। टेक्नोलॉजी और डिजिटिलाइजेशन के इस युग में हम ओर भी बेहतर संगठन कार्य कर सकें, इसके लिए बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत हम बूथों को डिजिटल करने के काम में जुटेंगे। यह पुरानी नींव नया निर्माण है जो सामयिक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जो डिजिटल बूथ बनेंगे वो पार्टी के बूथ विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हम सब की जिम्मेदारी है। हम बूथ डिजिटल तो करेंगे ही साथ में संवाद-संपर्क भी करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष में यह महत्वपूर्ण अभियान है इसमें हम सभी पूरी कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से इस एप्प का उपयोग करते हुए दायित्वों का निर्वाह करेंगे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि हर बूथ को सक्षम बनाकर ठाकरे जी को श्रद्धांजलि देने का संकल्प के साथ मप्र द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत 20 से 30 जनवरी के बीच बूथ विस्तारक योजना का आयोजन हो रहा है, जिसमें 20 हजार बूथ विस्तारक प्रदेश के लगभग 65 हजार बूथों को सशक्त, सक्षम व डिजिटल बनाने के लिए निकलेंगे। इस योजना में पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण सहित मैं स्वयं भी अपने निर्धारित बूथों पर विस्तारक बनकर कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन पर्व के तहत हर बूथ को सक्षम बनाकर श्रद्धेय ठाकरे को श्रद्धांजलि देने का संकल्प लेकर भिण्ड जिले के 1480 मतदान केन्द्रों पर बूथ विस्तारक योजना के तहत 1500 कार्यकर्ता संगठन विस्तार एवं आगामी मिशन 2023 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए कार्य करेंगे क्योंकि बूथ केन्द्र सत्ता और संगठन की ताकत को हे मजबूती प्रदान करता है, अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तो हम चुनाव जीतने में कामयाब होंगे और वहां हमारी स्थानी समिति मजबूत होगी और विकास कार्य में आगे बढ़ेंगे।

# कोरोना का डर या दाइत्व से यूँ हीं भाग रहे शिक्षक? शासकीय स्कूल में लटक रहे ताले




मिहोना। मध्य प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते सरकार ने की 31 जनवरी तक की छुट्टियाँ घोषित पर शासक़ीय विघालयों में टीचर उपस्थित रहें, पर भिंड जिले के रौन ब्लॉक में नियमों की उड रही धज्जियाँ ब्लॉक के मछरिया गाँव में शा0 माध्यमिक विधालय में लटके मिले ताले वहीं ग्रामीणों ने बुधवार 19 जनवरी को बताया यह तो मास्टर साहब का रोज़ का क्रम है मास्टर साहब 11 बजे आते ओर एक या आधा घंटे रुककर ताले लगा कर निकल जाते हैं।

### इनका कहना है:

शासन ने छुट्टी की है पर स्कूल समय से खुलें व टीचर उपस्थित रहेगें। अगर स्कूल नहीं खुला है तो कारण बताओ नोटिस जारी कर सम्बंधित के खिलाप कार्यबाई की जाएगी

**करन सिंह,**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रौन जिला भिंड**

## हाड़ कंपा देने वाली भीषण सर्दी की चपेट में अंचल

कलेक्टर ने लिया संज्ञान तो नपा ने जलवाए अलाव मिहोना। बिगत समय पूर्व वे मोसम बारिश के बाद कोहरे की चादर से भीषण हाड़ कंपा देने वाली सर्दी की चपेट में है जन मानस नगर के बाजार में बाहर से आने बाले लोग थरथर कांप रहे जिसको लेकर भिंड कलेक्टर ने दी हिदायत तो नपा ने जलवाए 07 जगह अलाव नगर परिषद मिहोना द्वारा नगर के हृदय स्थल गांधी तिराह सदर बाज़ार भिंड रोड तहसील कार्यालय , स्वास्थ्य केंद्र केम्पस, व उरई रोड स्थित गल्ला मंडी चौराहे, एवं सब्ज़ी मंडी के सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है कड़ाके की ठंड में आम जन को कुछ राहत मिली नपा के मुख्य नपा अधिकारी डीपी शर्मा ने यह जानकरी देते हुए बताया इस दोरन नपा प्रशासक आर के मोर्या मोजूद रहे।



# श्रीमती आभा जैन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नियुक्त

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टीए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की अनुशंसा पर जैन समाज की प्रमुख संभागीय और प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी समाज सेविका श्रीमती आभा जैन को भाजपा महिला मोर्चा भिंड जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है द्य उन्होंने अपने इस दायित्व पर पार्टी के प्रदेश एवं संभाग तथा जिले के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आभा जैन ने कहा की जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जिले के सभी बूथ केंद्रों पर मजबूत बनाने का कार्य करूंगी द्य साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने का भी कार्य किया जाएगाए सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करूंगी।



महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश चतुर्वेदी पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता कोक सिंह नरवरिया किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल प्रदेश कार्यसमिति प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अवधेश सिंह कुशवाह केशव सिंह भदोरिया वीरेंद्र राणा संजीव का कर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे रवि सेन जैन संजीव का कर रमेश दुबे अशोक चौधरी अमरीश शर्मा रोमेश महंत देवेंद्र सिंह नरवरिया महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में रजनी दीक्षित श्रीवास्तव श्रीमती सीमा शर्मा सरोज जोशी पिंकी शर्मा श्रीमती राजकुमारी जैन उषा नगरिया सुशीला नरवरिया शीला शर्मा गीता राजावत देवी राठौर पूर्णिमा भदोरिया सुधा राठोर, सरोज श्रीवास्तव शशि मिश्रा संगीता कौशल सरपंचए अर्चना शर्मा ज्योति बहरे सोनम त्यागी कमलेश जुनेजा आदि प्रमुख है। सहकारिता मंत्री डाक्टर अरविंद भदौरिया ने पब्लिक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन को गुलदस्ता देकर दी बधाई मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने जैन समाज की प्रमुख कई संगठनों से जुड़ी श्रीमती आभा जैन को भाजपा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी और महिला मोर्चा के संगठन को गति प्रदान करने के लिए कई प्रकार के टिप्स दिए कहा कि हम सब आपके साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

# वर्तमान सरकार से शाकाहार को बढ़ावा देना बेमानी होगा

अरविन्द प्रेमचंद जैन



यदि हमें अपने स्वास्थ्य,पर्यावरण और अहिंसा को प्रतिस्थपित करना हैं तो यह हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कारण हमारा स्वास्थ्य हमारे हाथ में हैं .सरकार नित्य नयी योजनाएं मांसाहार को बढ़ावा देने कर रही हैं .केंद्र और राज्य सरकार राजस्व प्राप्ति के लिए किसी भी सीमा तक जाती हैं .विश्व में हमारा देश दूसरे नंबर हैं मांस निर्यात करने में .और भारत द्वारा भेजा जाने वाला मांस उच्च कोटि का होने से बहुत मांग हैं और इस कारण हमारा राजस्व बढ़ रहा हैं और बढ़ना भी चाहिए .आज के समाचार पत्र में केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन ने दूध और मांस निर्यात के प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के निर्देश दिए .एक तरफ सरकारें पशु संरक्षण की बात करती हैं और दूसरी तरफ मांस उत्पादन को प्रोत्साहित करती हैं .यानी दो मुंही नीति से क्या फायदा होगा .इससे यह बात स्वयं सिद्ध हो चुकी हैं की बाप भला न भैय्या ,सबसे बड़ा रुपय्या .यह नीति हम शाकाहारियों की भावना के विपरीत होने से आगामी चुनावों में उन प्रतिनिधियों को चुनेगे जो शाकाहार को बढ़ावा दे.मांसाहार से हमारा कोई विरोध नहीं हैं .कोई भी खाद्य का प्रयोग गुण दोषों के आधार पर करना चाहिए .मांसाहार हर दृष्टि से हानिकारक हैं और अनेकों जघन्य बिमारियों का जनक हैं .जो मन और शरीर को हानि पहुचाएं उसका सेवन नहीं करना चाहिए ,पर सरकारों की नीति हैं की आमदनी के साथ बिमारियों में पैसा खरचा करे. भारत अपनी नीतियां विश्व स्तर पर दृष्टि डालते हुए बनाता हैं .जहाँ पैसा मिलेगा वहां हम कुछ भी करने को तैयार हैं . वैसे हमें बुद्ध ,महावीर राम ,कृष्ण ,गाँधी नाम का उपयोग नहीं करना चाहिए .मोदी के कार्यकाल में मांस निर्यात जितना विरोध हुआ उससे अधिक मांस निर्यात हुआ और भविष्य में देश के विकास के लिए नयी नयी योजनएं देश के हित होगी . मांस खाना अपराध नहीं हैं पर सरकारों द्वारा उस के उपयोग के लिए प्रेरित करना अपराध हैं .वैसे हिंसा ,चोरी बढ़ने से सरकार ,पुलिस ,कोर्ट, जेल ,डॉक्टर हॉस्पिटल और मेडिसिन्स का उपयोग बढ़ने से व्यक्तिगत रूप से वह गरीब होता हैं .

**मांस खाओ और असाध्य बीमारियां बुलाओ .**
**तन मन धन करता कौन ख़राब**
**मछली अंडा मांस और शराब**

# विचार शून्य राजनीति की चुनावी नाटकीयता

राजकुमार सिंह

दशकों तक नीति-सिद्धांत-कार्यक्रम के आवरण में लिपटी रही राजनीति अब पूरी तरह नाटकीय हो गयी है। खासकर चुनाव के समय तो यह नाटकीयता चरम पर होती है। देश की राजनीति को दिशा देते रहे उत्तर प्रदेश के राजनेताओं का यह आलम है कि लगभग पांच साल तक सत्ता-सुख भोग चुकने के बाद ऐन चुनाव से पहले उन्हें अहसास होता है कि वे अपने-अपने वर्गों की सेवा करने के बजाय उनका शोषण करने वाली व्यवस्था का ही हिस्सा बने हुए थे। तीन दिन में योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल से इस्तीफा देनेवाले तीनों मंत्रियों के इस्तीफे की समान भाषा से उनकी समझ के साथ ही मंसूबों पर भी सवाल उठते ही हैं। अपने-अपने जाति-वर्ग के बड़े नेता माने जानेवाले ये तीनों महानुभाव पिछले विधानसभा चुनाव से पहले ही अचानक निष्ठा बदल कर भाजपाई बने थे। जाहिर है, तब भी उन्होंने अपने समुदाय के हित में पाला बदलने का दावा किया था, जैसा कि अब भाजपा को अलविदा कहते समय किया है। वैसे इन सभी ने दावा किया है कि मंत्री पद पर रहते हुए अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। ऐसे में यह स्वाभाविक प्रश्न अनुत्तरित है कि अगर पिछड़े, दलित, युवाओं, बेरोजगारों आदि वर्गों की योगी सरकार में निरंतर अनदेखी हुई तो ये महानुभाव किस दायित्व का निर्वहन कर रहे थे, और क्यों? कई दलों की परिक्रमा कर चुके इन महानुभावों से पूछा जाना चाहिए कि नेताजी, आखिर आपकी राजनीति क्या है!

आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि भाजपा और उसके मित्र दलों को अलविदा कह कर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले विधायक भी खुद को अपने-अपने जाति-वर्गों के हितों के प्रति चिंतित दिखा रहे हैं–बिना इस स्वाभाविक प्रश्न का उत्तर दिये कि पांच साल तक वे अपने लोगों के हितों के साथ अन्याय के मूकदर्शक क्यों बने रहे? असहज सवालों से मुंह चुराना हमारी राजनीति की पुरानी फितरत है। फिर भी, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही उत्तर प्रदेश भाजपा में जैसी भगदड़ मची है,उसे सामान्य नहीं माना जा सकता–खासकर तब जबकि केंद्र में भाजपा सरकार का कार्यकाल अभी दो वर्ष से भी ज्यादा शेष है। ऐन चुनाव से पहले दलबदल करनेवाले राजनेताओं के लिए भारतीय राजनीति में एक नया शब्द ईजाद हुआ–चुनावी मौसम विज्ञानी। दिवंगत रामविलास पासवान को इस श्रेणी के राजनेताओं में अगुवा गिना जा सकता है। उत्तर प्रदेश में अब चुनाव से ठीक पहले दल बदलने वाले नेताओं के लिए भी यही शब्द इस्तेमाल करते हुए सवाल पूछा जा रहा है, क्या यह राज्य के बदलते राजनीतिक मिजाज का संकेत है? शायद शब्द कटु लगें,पर सच यही है कि अब खुद को तमाम जाति-वर्गों का हित चिंतक दर्शा रहे ये नेता दरअसल अपनी-अपनी जातियों के ही नेता हैं और उन्हीं के लिए सत्ता में हिस्सेदारी के नाम पर राजनीति करते हैं। आश्चर्यजनक सच यह भी है कि ये महानुभाव किसी भी सरकार या राजनीतिक दल में रहते हुए अपने वर्ग की हितचिंता में कभी मुखर नजर नहीं आये। वैसे दो दशक से भी ज्यादा समय तक उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय के स्वयंभू ठेकेदार दलों-नेताओं की सरकारें रहने के बावजूद पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की बदहाली की बातें क्या उनके रहनुमाओं को ही कठघरे में खड़ा नहीं करतीं?

स्वामी प्रसाद मौर्य कांशीराम-मायावती की बसपा से राजनीति में आगे बढ़े। बसपा ने उन्हें अपनी सरकार में मंत्री ही नहीं, विपक्ष में आने पर नेता प्रतिपक्ष भी बनाया, पर पिछले चुनाव से पहले वह अचानक भाजपाई हो गये। अगर भाजपा ने उन्हें लिया और फिर सरकार बनने पर कई महत्वपूर्ण विभागों का मंत्री भी बनाया तो जाहिर है, उनकी राजनीतिक उपयोगिता ही मुख्य आधार रहा होगा, पर अब जब फिर चुनाव की बारी आयी तो मौर्य अपने समर्थकों सहित समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये। तीन मंत्रियों और आधा दर्जन से भी अधिक विधायकों के भाजपा से इस्तीफे के बाद दावा किया जा रहा है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। तब क्या इस कदर मची भगदड़ को वाकई राज्य की राजनीति में किसी बड़े बदलाव की आहट माना जाये? ध्यान रहे कि अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में भी बबुआ की छवि से नहीं उबर पाये सपा प्रमुख अखिलेश न सिर्फ इस बार गठबंधन के लिए छोटे दलों की पहली पसंद हैं, बल्कि उनकी सभाओं में भीड़ भी जुट रही है। राजनीति की सामान्य समझ भी कहती है कि उत्तर प्रदेश में राजनीति को गहरे तक प्रभावित करने वाले सामाजिक समीकरण बदल रहे हैं। यह भी कि यह बदलाव भाजपा के लिए नुकसानदेह और सपा के लिए फायदेमंद नजर आ रहा है, लेकिन वर्ष 2017 के विधानसभा तथा 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और सपा के मत प्रतिशत और सीटों में फासला इतना ज्यादा रहा, जिसे हालिया नेताओं के पाला बदल और सीमित जनाधार वाले छोटे दलों से गठबंधन के जरिये मिटा पाना आसान नहीं होगा। फिर इस बीच कांग्रेस न सही, बसपा ने तो अपना मत प्रतिशत बढ़ाया ही होगा, जिसे जीत की संभावना वाली सीटों पर अल्पसंख्यक मतों का साथ भी मिलेगा ही। सभी राजनीतिक दलों-नेताओं की बयानबाजी से साफ है कि विधानसभा चुनाव कमंडल-मंडल के बीच होगा। ऐसे में परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि योगी के कमंडल में से अखिलेश कितना मंडल वापस ले पाते हैं।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सत्ता के लिए जारी सेंधमारी के साथ ही सीमावर्ती राज्य पंजाब में भी चुनावी राजनीति नित नये रंग बदल रही है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने के बाद से ही अपनी राज्य सरकार के साथ-साथ आलाकमान का भी सिरदर्द बढ़ाने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने अब पार्टी चुनाव घोषणापत्र से पहले ही अपना अलग पंजाब मॉडल घोषित करते हुए यह ऐलान भी कर दिया है कि मुख्यमंत्री आलाकमान नहीं, पंजाब के लोग चुनेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाता अपना-अपना विधायक चुनते हुए मुख्यमंत्री कैसे चुनेंगे? भारतीय राजनीति, खासकर कांग्रेस की रीति-नीति को जानने वाले समझ सकते हैं कि यह सीधे-सीधे पार्टी आलाकमान को चुनौती है कि वह दलित कार्ड के चुनावी लालच में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री का चेहरा न घोषित कर दे। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह सांप-छछूंदर वाली स्थिति है – ऐन चुनाव से पहले प्रदेश अध्यक्ष को नाराज करना भी ठीक नहीं और उनकी बेलगाम राजनीति के खतरे भी कम नहीं।

पिछली बार पंजाब के मतदाताओं ने कांग्रेस को जनादेश दिया था और आम आदमी पार्टी मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी थी। उससे पहले लगातार 10 साल तक, भाजपा के साथ गठबंधन कर, सरकार चलाने वाला शिरोमणि अकाली दल भी इस बार बसपा से गठबंधन कर ताल ठोंक रहा है और भाजपा भी कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस एवं सुखदेव सिंह ढींढसा के संयुक्त अकाली दल से गठबंधन कर चुनाव को चतुष्कोणीय बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन फिलहाल मुख्य मुकाबला कांग्रेस और आप के बीच ही नजर आ रहा है। यही नहीं, मुख्यमंत्री चुनने के सवाल पर भी कांग्रेस-आप में अंतर्कलह कमोवेश एक जैसा ही है। जैसे चन्नी का दबाव है कि मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर चुनाव लड़ना कांग्रेस के लिए फायदेमंद रहता है, वैसे ही आप सांसद भगवंत मान भी दबाव बना रहे हैं कि इस बार तो उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाये। चन्नी के दबाव की काट में ही सिद्धू ने रंग बदलते हुए अब पंजाब के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री चुने जाने का दांव चला है तो आप में अंतर्कलह से संभावित नुकसान को न्यूनतम रखने के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा चुनने को अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों के बीच रायशुमारी का रास्ता निकाला है। प्रयोगवादी कहें या नाटकीय, इस कवायद से दलीय हित पर नेता की निजी राजनीति हावी होती दिख रही है, जिससे चुनावी मुद्दे पार्श्व में चले जायेंगे, जिसे चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं माना जा सकता। ऐसी चुनावी राजनीति में विचारधारा की तो बात ही अप्रासंगिक लगती है, पर क्या यह भारतीय राजनीति की बड़ी विडंबना नहीं है!

## ईश्वरीय सिद्धांत

तीन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्धांत व्यक्त होते हैं- यह जो संसार है परमात्मा से व्याप्त है, उसके अतिरिक्त सब मिथ्या है, माया है, भ्रम है, स्वप्न है। मनुष्य को उसकी इच्छानुसार सृष्टि संचालन के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य में जो श्रेष्ठता-शक्ति या सौन्दर्य है वह उसके दैवी गुणों के विकास पर ही है। मनुष्य जीवन के सुख और उसकी शांति के लिए इन तीनों सिद्धांतों का पालन ऐसा ही पुण्य-फलदायक है। ईश्वर उपासना मनुष्य का स्वाभाविक धर्म है। उपासना विकास की प्रक्रिया है। संकुचित को सीमारहित करना, स्वार्थ को छोड़कर परार्थ की ओर अग्रसर होना मनुष्य के आत्मतत्त्व की ओर विकास की परंपरा है। पर यह तभी संभव है जब सर्व-शक्तिमान परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर लें, उसकी शरणागति की प्राप्ति हो जाय। मनुष्य रहते हुए मानवता की सीमा को भेदकर उसे देवस्वरूप में विकसित कर देना ईश्वर की शक्ति का कार्य है। जान-बूझकर या अकारण परमात्मा कभी किसी को दंड नहीं देता। प्रकृति की स्वच्छंद प्रगति प्रवृत्ति में ही सबका हित नियंत्रित है। जो इन प्राकृतिक नियमों से टकराता है वह बार-बार दुःख भोगता है और तब तक चैन नहीं पाता, जब तक वापस लौटकर फिर उस सही मार्ग पर नहीं चलने लगता है। भगवान भक्त की भावनाओं का फल तो देते हैं, किंतु उनका विधान सभी संसार के लिए एक जैसा ही है। भावनाशील व्यक्ति भी जब तक अपने आप की सीमाएं नहीं पार कर लेता, तब तक अटूट विश्वास, दृढ़ निश्चय रखते हुए भी उन्हें प्राप्त नहीं कर पाता। अपने से विमुख प्राणियों को भी वे दुःख-दंड नहीं देते।

# पड़ा पस्त

सिद्धार्थ शंकर



चीन की विस्तारवादी नीति का खामियाजा आखिरकार चीन को भोगना ही पड़ा। विकास का दिखावा कर चीन ने जिस तरह से श्रीलंका को हर तरफ से फंसाया है, वह पाकिस्तान-नेपाल सरीखे देशों के लिए सबक है। खैर, चीन के शिकंजे में आने वाला श्रीलंका पहला देश नहीं है। इससे पहले वह कई छोटे देशों को अपने जाल में फंसा चुका है। भारत की तरफ से श्रीलंका को लंबे समय से आगाह किया जाता रहा, मगर विकास और आर्थिक मदद के आगे उसे अपना हित नहीं दिखा और सब कुछ लुटा बैठा। अब यही हाल पाकिस्तान का है। आज जो चीन उसका सबसे बड़ा हितैषी बन बैठा है, एक दिन वही उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। बेहतर होगा कि पाकिस्तान श्रीलंका के हश्र से सबक ले और अपने देश पर चीन की बढ़ते दखल को रोके। पाकिस्तान के पास वैसे भी खोने को कुछ नहीं है, लेकिन जो बचा है, उसे सहेज सकता है। चीन के कर्ज में डूबे श्रीलंका की अर्थव्यवस्था बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। महंगाई इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि लोग खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए जूझ रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण खजाना लगातार खाली हो रहा है। फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 10 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में लोन चुकाना श्रीलंका के लिए मुश्किल हो गया है और वह साल 2022 में दिवालिया हो सकता है। हालांकि, श्रीलंका की सरकार ने 1.2 अरब डॉलर (करीब 8 हजार करोड़ भारतीय रुपए) के इकोनॉमिक रिलीफ पैकेज की घोषणा की है। वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे का दावा है कि देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोन डिफॉल्ट नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राहत पैकेज से महंगाई नहीं बढ़ेगी और कोई नया टैक्स भी जनता पर नहीं लगाया जाएगा। श्रीलंका को अगले 12 महीनों में 7.3 अरब डॉलर (करीब 54,000 करोड़ भारतीय रुपए) का घरेलू और विदेशी कर्ज चुकाना है। कुल कर्ज का लगभग 68 फीसदी हिस्सा चीन का है। उसे चीन को 5 अरब डॉलर (करीब 37 हजार करोड़ रुपए) चुकाने हैं। पिछले साल उसने गंभीर वित्तीय संकट से निपटने में मदद के लिए चीन से अतिरिक्त एक अरब डॉलर (करीब 7 हजार करोड़) का लोन लिया था, जिसका भुगतान किस्तों में किया जा रहा है। टूरिज्म श्रीलंका के लोगों की आय का बड़ा जरिया है। करीब 5 लाख श्रीलंकाई सीधे पर्यटन पर निर्भर हैं, जबकि 20 लाख अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हैं। श्रीलंका की त्रष्ठक्क में टूरिज्म का 10त्न से ज्यादा योगदान है। टूरिज्म से सालाना करीब 5 अरब डॉलर (करीब 37 हजार करोड़ रुपए) फॉरेन करेंसी श्रीलंका को मिलती है। देश के लिए फॉरेन करेंसी का ये तीसरा बड़ा सोर्स है। इससे पहले श्रीलंका ने शॉर्ट टर्म उपायों के तौर पर अपने पड़ोसी देश भारत से फूड, मेडिसिन व फ्यूल इंपोर्ट करने के लिए क्रेडिट लाइन के साथ भारत, चीन और बांग्लादेश के साथ करेंसी स्वैप की थी। ओमान से पेट्रोलियम खरीदने के लिए लोन भी लिया है। हालांकि, ये शॉर्ट टर्म लोन है और इसकी ब्याज दरें भी ज्यादा है। इससे श्रीलंका के कर्ज का बोझ बढ़ेगा। यह समय श्रीलंका के लिए बेहद खराब है। इस समय कोरोना के चलते सभी देशों की अर्थव्यवस्था खराब है। ऐसे में हर कोई चाह रहा है कि उसका रुका हुआ पैसा मिल जाए। इस स्थिति में श्रीलंका को कहीं से राहत की उम्मीद नहीं है। उसका दिवालिया होना तय है।

# सीमा पर रोबोट आर्मी, अनमैंड व्हीकल्स

## सूडोकु नवताल- 5958

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5957 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

लक्ष्मी शंकर यादव

अभी हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने सशस्त्र बलों के अत्याधुनिक प्रशिक्षण के लिए नया आदेश जारी कर दिया है। उद्देश्य है कि युद्ध लड़ने एवं उसे जीतने में सक्षम विशिष्ट चीनी बल तैयार रहने चाहिए। शी जिनपिंग ने अपने आदेश में कहा है कि सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिकी तथा युद्ध तकनीकों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजदीक से नजर रखनी चाहिए। इसके लिए क्रमबद्ध प्रशिक्षण को मजबूती प्रदान करनी चाहिए और विशिष्ट बलों के गठन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का विकास करना चाहिए जो युद्ध लड़ने में सक्षम हों। ज्ञातव्य है कि चीनी सेना का वार्षिक रक्षा बजट 200 अरब डॉलर अर्थात् 14908 अरब रुपये है। चीन की इस अत्याधुनिक सेना से निपटने की तैयारी भारत को करनी होगी।

सेंट्रल मिलिटरी कमीशन के प्रमुख के तौर पर पीएलए को 2022 में दिया गया राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह पहला आदेश है। यह आदेश हिन्द-प्रशान्त महासागर क्षेत्र, अमेरिका, जापान एवं अन्य पड़ोसी देशों के मद्देनजर सेना को आधुनिक बनाने के लिए है। दक्षिण चीन सागर और उसके बाद एशिया-प्रशान्त क्षेत्र में अमेरिका तथा उसके सहयोगियों की बढ़ती ताकत को देखते हुए चीन काफी दिनों से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने को तत्पर दिख रहा था। गौरतलब है कि हाल ही के वर्षों में इन क्षेत्रों को लेकर चीन के खिलाफ दो रणनीतिक गठबंधन क्वाड और ऑकस बने हैं, जिनमें अमेरिका व भारत की मौजूदगी है। इसलिए चीन का चिन्तित होना स्वाभाविक है। भारत पर दबाव बनाने के उद्देश्य से चीनी सेना पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास पैंगोंग त्सो झील के अपने वाले हिस्से में एक पुल बना रही है। इस पुल के बन जाने से चीनी सेना किसी भी यौद्धिक स्थिति के उत्पन्न होने पर वह भारतीय सीमा के निकट शीघ्रता के साथ पहुंच जाएगी। अभी तक इस हिस्से में पहुंचने में चीनी सेना को 200 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। इस पुल के बन जाने से यह दूरी 40 से 50 किलोमीटर ही रह जाएगी। विदित हो कि पैंगोंग त्सो लेक की लम्बाई 135 किलोमीटर है। स्थलीय सीमा से घिरी हुई इस झील का कुछ हिस्सा लद्दाख और बाकी हिस्सा तिब्बत में है। झील के उत्तरी तट पर फिंगर आठ से 20 किलोमीटर पूर्व में ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। ब्रिज साइट रुतोग काउंटी में खुर्नक जिले के ठीक पूर्व में है जहां पर पीएलए के अनेक सीमावर्ती ठिकाने हैं।

विदित हो कि अगस्त, 2020 में चीनी सेना पैंगोंग त्सो झील के फिंगर-4 तक आ गई थी। करीब डेढ़ साल के तनाव के बाद चीनी सेना पीछे हटी लेकिन अब उसने अपनी तरफ पुल बनाना शुरू कर दिया है। सामरिक दृष्टिकोण से चीन इस पुल से भारतीय सेना की गतिविधियों पर निगरानी कर सकेगा। पीएलए ने इस पुल से आने-जाने के लिए सड़क बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील पर चीन द्वारा पुल बनाए जाने पर भारत ने स्पष्ट किया है कि यह निर्माण झील के उस हिस्से में किया जा रहा है जो एलएसी के पार बीते 60 सालों से चीन के अवैध कब्जे में है लेकिन भारत ने इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। भारत इस पर नजर बनाए हुए है और इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपाय कर रहा है।

लद्दाख में अब भारतीय सेना के जवानों का सामना ठण्ड से कांपते चीनी सैनिकों के बजाय उसकी रोबोट आर्मी और अनमैंड व्हीकल्स से होगा क्योंकि चीन ने लद्दाख से लगती सीमा पर इनकी तैनाती कर दी है। चीन ने यह कार्य तिब्बत की कड़कड़ाती ठण्ड नहीं झेल पा रहे अपने सैनिकों के बचाव के लिए किया है। विदित हो कि चीनी सैनिकों को ठण्डे इलाकों में लड़ाई का अनुभव नहीं है जिस वजह से उन्हें भारतीय सैनिकों के हाथों मुंह की खानी पड़ती है। लद्दाख तनाव को कम करने के लिए भारत और चीन के बीच कई दौर की वार्ता के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल सका है।

दरअसल, पीएलए ने तिब्बत में ऑटोमैटिक रूप से चलने वाली 88 शॉर्प क्लॉ व्हीकल्स को तैनात कर दिया है। इसमें से 38 शॉर्प क्लॉ व्हीकल्स को लद्दाख सीमा पर लगाया गया है। इन गाड़ियों को चीन की हथियार निर्माता कम्पनी नोरीनको ने तैयार किया है। इन वाहनों का इस्तेमाल सीमा क्षेत्रों में शत्रु की निगरानी या अन्य क्षेत्रों में निगरानी के लिए किया जाता है। इसके अलावा इन गाड़ियों का उपयोग हथियार व अन्य आवश्यक सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति के लिए किया जाता है।

# शाकाहार बन रहा विश्व-व्यापी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

क्या आपको यह जानकर आनंद नहीं होगा कि दुनिया के सबसे ज्यादा शुद्ध शाकाहारी लोग भारत में ही रहते हैं। ऐसे लोगों की संख्या 40 करोड़ से ज्यादा है। ये लोग मांस, मछली और अंडा वगैरह बिल्कुल नहीं खाते। यूरोप, अमेरिका, चीन, जापान और मुस्लिम देशों में मुझे कई बार यह वाक्य सुनने को मिला कि 'हमने ऐसा आदमी जीवन में पहली बार देखा, जिसने कभी मांस खाया ही नहीं।' दुनिया के सभी देशों में लोग प्रायः मांसाहार और शाकाहार दोनों ही करते हैं। लेकिन एक ताजा खबर के अनुसार ब्रिटेन में इस साल 80 लाख लोग शुद्ध शाकाहारी बननेवाले हैं। वे अपने आप को 'वीगन' कहते हैं। अर्थात वे मांस, मछली, अंडे के अलावा दूध, दही, मक्खन, घी आदि का भी सेवन नहीं करते। वे सिर्फ अनाज, सब्जी और फल खाते हैं। इसका कारण यह नहीं है कि वे पशु-पक्षी की हिंसा में विश्वास नहीं करते। वे भारत के जैन, अग्रवाल, वैष्णव और कुछ ब्राह्मणों की तरह इसे अपना धार्मिक कर्तव्य मानकर नहीं अपनाए हुए हैं। इसे वे अपने स्वास्थ्य के खातिर मानने लगे हैं। न तो उनका परिवार और न ही उनका मजहब उन्हें मांसाहार से रोकता है लेकिन वे इसलिए शाकाहारी हो रहे हैं कि वे स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त दिखना चाहते हैं। मुंबई के कई ऐसे फिल्म अभिनेता मेरे परिचित हैं, जिन्होंने 'वीगन' बनकर अपना वजन 40-40 किलो तक कम किया है। वे अधिक स्वस्थ और अधिक युवा दिखाई पड़ते हैं। सच्चाई तो यह है कि शुद्ध शाकाहारी भोजन आपको मोटापे से ही नहीं, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से भी बचाता है। इसे किसी धर्म-विशेष के आधार पर विधि-निषेध की श्रेणी में रखना भी जरा कठिन है, क्योंकि सब धर्मों के कई महानायक आपको मांसाहारी मिल सकते हैं। वैसे किसी भी मजहबी ग्रंथ में यह नहीं लिखा है कि जो मांस नहीं खाएगा, वह घटिया हिंदू या घटिया मुसलमान या घटिया ईसाई माना जाएगा। वास्तव में दुनिया में मांसाहार बंद हो जाए तो प्राकृतिक संसाधनों की भारी बचत हो जाएगी और प्रदूषण भी बहुत हद तक घट जाएगा। इन विषयों पर पश्चिमी देशों में कई नए शोध-कार्य हो रहे हैं और भारत में भी शाकाहार के विविध लाभों पर कई ग्रंथ लिखे गए हैं। दूध, दही, मक्खन और घी आदि के त्याग पर कई लोगों का मतभेद हो सकता है। यदि वे 'वीगन' न होना चाहें तो भी खुद शाकाहारी होकर और लाखों-करोड़ों लोगों को प्रेरित करके एक उच्चतर मानवीय जीवन-पद्धति का शुभारंभ कर सकते हैं।

# गुम हुए पैसे बुजुर्ग महिला को वापस देने पर मजदूर का माथा चूमकर दी दुआएं



**अंबाह**। बदलते दौर में भी ईमानदारी शब्द अपने आप में मायने रखती है। अगर ईमानदारी का कोई प्रतिमान स्थापित करता है तो उसकी तारीफ होना स्वाभाविक है। ऐसे ही गुरुद्वारा मोहल्ला निवासी युवा मजदूर कप्तान सिंह सखवार एक गरीब महिला के पेंशन के रुपये वापस करके लोगों की प्रशंसा का पात्र बन गए।

जानकारी के अनुसार कप्तान सिंह सखवार सोमवार को दोपहर 12 बजे जिला सहकारी बैंक शाखा अंबाह के सामने से गुजर रहे थे, उसी दौरान उनकी निगाह अचानक सड़क पर पड़े हुए एक थैले की तरफ गई। कप्तान सिंह ने जब उक्त थैले को उठाया तो उसमें 1200 रुपए नगद, जिला सहकारी बैंक की पासबुक और वैक्सीन लगने का प्रमाण पत्र मिला। इस आधार पर उन्होंने इसकी सूचना तुरंत बैंक मैनेजर विकास गुप्ता को दी। इसके साथ ही वह अपने स्तर से बुजुर्ग महिला को तलाशने लगे। तलाशने पर पता चला कि उक्त थैला लौंगा बाई पत्नी स्वर्गीय रामस्वरूप प्रजापति निवासी गांव चिरपुरा का है, जिसके बाद बुजुर्ग महिला से संपर्क कर उन्हें आज बैंक बुलाया गया और खोया पैसा मिलने की जानकारी दी गई। बैंक मैनेजर विकास गुप्ता ने कप्तान सिंह के हाथों से 1200 रुपए एवं थैला वापस दिलवाया। पैसे वापस पाकर बुजुर्ग महिला काफी खुश नजर आई एवं भावुक हो गई। महिला ने कहा कि शासन द्वारा दी जा रही पेंशन से वह अपना खर्चा चलाती हैं किंतु जब उनका थैला और पैसे खो गए तो उन्होंने काफी तलाशा जब पैसे और थैला नहीं मिला तो वह हताश हो गई थी। बुधवार को जब उन्हें पैसे वापस मिले तो उन्हें बहुत ही खुशी हुई। उनका कहना था कि अब उनको खर्चे के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा उन्होंने बताया कि जीवन में पहली बार उनका खोया हुआ कोई पैसा वापस मिला है। इस दौरान भावुक बुजुर्ग महिला ने कप्तान सिंह का माथा चूम कर उसे दुआएँ दी। वहीं बैंक मैनेजर विकास गुप्ता ने भी कप्तान सिंह को धन्यवाद दिया।

## समूह ने किया बेव सेंटर एवं गैस एजेंसी का उद्धघाटन



**मुरैना।** सोमवार को समूह ने बेब सेंटर एवं गैस एजेंसी का उद्धघाटन किया। सीबीआई बैंक रानपुर से माया समूह ग्राम गोठ ब्लॉक अंबाह को 2 लाख रूपये की राशि सीसीएल के माध्यम से रानपुर में सीएससी सेंटर एवं गैस एजेंसी का उद्धघाटन सीबीआई रानपुर मैनेजर मिस निकिता ठाकुर के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। इस सीएससी सेंटर में फोटोकॉपी, उद्योग आधार, आयुष्मान कार्ड, पेन कार्ड, सहित समस्त ऑनलाइन कार्य, करने के साथ-साथ गैस एजेंसी भी ली गईं है। इस अवसर पर विकासखण्ड प्रबंधक दिवाकर शर्मा, सहायक प्रबंधक मुकेश बुनकर, सीबीआई बेंक से लाल चन्द, बेंक सखी श्रीमति अल्पना तोमर, प्रगति सीएलएफ की अध्यक्ष श्रीमति मंजू जाटव, सदस्य श्रीमति मंजू डंडोलिया सहित समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## पीडीएस की शत-प्रतिशत दुकानों की जांच की जाए: कमिश्नर

**मुरैना।** चंबल-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने दोंनो संभागों के कलेक्टरों एवं सभी एडीएम, एसडीएम को निर्देश दिये है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रत्येक जिले की शत-प्रतिशत उचित मूल्य दुकानों की जांच की जाए। इसके लिये जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी लगाये जाएं। उन्होंने कहा कि जांच में ऑनलाइन, आफलाइन प्राप्त हुये आवंटन में से कितना खाद्यान्न का वितरण हुआ है, कितना खाद्यान्न बचा है, जिन उपभोक्ताओं को खाद्यान्न बांटा गया है, उनकी रेंडम जांच कर यह पता लगाया जाए कि पीओएस स्वीकृत खाद्यान्न के अनुसार उपभोक्ताओं को खाद्यान्न मिला है अथवा नहीं। अगर कम खाद्यान्न भी मिला है, पीडीएस संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला इकाई मुरैना के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा महाराणा प्रताप जयंती का उत्सव होटल उपकार पैलेस में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक इकाई सबलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह जादौन को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप का समस्त पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इसी क्रम में प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष गजेंद्र राठौर ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला और प्रदेश युवा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह गांधी महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्य के बारे में लोगों को बताया। संभाग अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह परमार ने महाराणा प्रताप के अदम्य पराक्रम और वैभव पर लोगों को बताया।

इसी दौरान जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा क्षत्रियों के द्वारा किए जाने वाले बलिदान और शौर्य पर प्रकाश डालते हुए हर क्षत्रिय को अपने ऊपर गर्व होना चाहिए कि उन्होंने महाराणा प्रताप जैसे वीर शिरोमणि के कुल में जन्म लिया है। उन्हीं के आदर्शों पर आगे बढ़ते हुए समस्त समुदाय की सुरक्षा की नैतिक जिम्मेदारी लें और देश की आन-बान-शान को बनाए रखें। हमारे देश में 1948 से पहले कोई भी जाति या पिछड़ा नहीं था। सरकारों के द्वारा लोगों में वोटों के लिए भेदभाव पैदा किए, देश की आर्थिक स्थिति को कमजोर बनाया। मैं राजनीतिक पद पर बैठे हुए लोगों से अपेक्षा करूंगा कि आरक्षण और जातियों का विभाजन न करें। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय सदैव समस्त लोगों के हितों को सुरक्षित करता आया है चाहे सीमा सुरक्षा हो या देश की आंतरिक सुरक्षा । अभी हाल ही में देश के राजनीतिक लोगों को क्षत्रियों से कुछ सीख लेना चाहिए।

# जनसुनवाई में 59 आवेदनों पर हुई सुनवाई



### कल्याणी श्रीमती शीला माहौर को मिलेगा वृद्धाश्रम में आसरा

**मुरैना।** जनसुनवाई के दौरान वनखण्डी रोड़ गोपालपुरा मुरैना निवासी कल्याणी श्रीमती शीला माहौर पत्नि स्व. श्री रामदयाल माहौर ने आवेदन प्रस्तुत किया कि मेरे दो पुत्र है, किन्तु एक भी पुत्र मुझे रखने के लिये तैयार नहीं है। इस पर डिप्टी कलेक्टर सुरेश बराहदिया ने आवेदन पर एक्सन लेते हुये तत्काल वृद्ध श्रीमती माहौर को वृद्धाश्रम में रखने के आदेश सामाजिक न्याय विभाग को दिये। विदित है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई प्रातः 11 से 1 बजे तक करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में 18 जनवरी को जनसुनवाई डिप्टी कलेक्टर सुरेश बराहदिया द्वारा की गई। जनसुनवाई के दौरान श्री बराहदिया ने प्राप्त 59 आवेदनों को सुना तथा उनमें से 12 आवेदन 24 घंटे के अंदर निराकरण के लिये चिन्हित किये गये। शेष आवेदनों को 7 दिवस के अंदर निराकरण हेतु नियमानुसार भेजने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अधिकतर वाद-विवाद, पुलिस, राजस्व, भूमि, अतिक्रमण, बीपीएल, स्कूल, विद्युत, खाद्यान्न पर्ची आदि प्रकार के आवेदन पाये गये।

# खनिज विभाग ने पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 3 करोड़ 38 लाख से अधिक राजस्व वसूला



**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव के मार्गदर्शन में खनिज विभाग मुरैना द्वारा पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 3 करोड़ 38 लाख 88 हजार 260 रूपये से अधिक राजस्व वसूल किया है। यह कार्यवाही खनिज अधिकारी एसके निर्मल के नेतृत्व में टीम भावना के साथ की गई है। खनिज अधिकारी एसके निर्मल के नेतृत्व में एक कलेण्डर वर्ष अब तक का सबसे अधिक खनिज राजस्व प्राप्त किया गया है। विगत 3 सालें में खनिज विभाग प्रतिवर्ष शासन द्वारा निर्धारित खनिज राजस्व से अधिक खनिज राजस्व प्राप्त करने में सफल हो रहा है। खनिज विभाग मुरैना द्वारा पिछले केलेण्डर वर्ष 2020 में प्राप्त राजस्व 14 करोड़ 89 लाख 86 हजार 813 रूपये की वसूली की गई थी। जबकि वर्ष 2021 में 18 करोड़ 28 लाख 75 हजार 73 रूपये की वसूली की गई है। पिछले वर्ष की अपेक्ष में इस वर्ष 3 करोड़ 38 लाख 88 हजार 260 रूपये की वसूली अधिक है। जो कि पिछले वर्ष से इस वर्ष 123 प्रतिशत है। एक कलेण्डर वर्ष से सबसे अधिक खनिज राजस्व प्राप्त करने वाले कलेक्टर बने है कलेक्टर बी. कार्तिकेयन इससे पहले एक केलेण्डर वर्ष में इतना अधिक खनिज राजस्व प्राप्त नहीं किया गया। कलेक्टर मुरैना के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में, खनिज अधिकारी एसके निर्मल के नेतृत्व में खनिज विभाग मुरैना लगातार तीसरे साल आय से अधिक खनिज राजस्व प्राप्त करने की ओर अग्रेषित है। निर्धारित लक्ष्य अनुसार खनिज राजस्व समय से पूर्व व अधिक से अधिक वसूल किये जाये ऐसे निर्देश मुरैना कलेक्टर द्वारा खनिज अधिकारी एस के निर्मल को दिये है। जिस पर खनिज अधिकारी एवं टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा की समय-सारणी जारी

**मुरैना।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री-बोर्ड की परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 10वीं प्री-बोर्ड परीक्षा 20 से 28 जनवरी तक और कक्षा 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षा 20 से 31 जनवरी तक टेक होम के रूप में संचालित की जाएगी। संचालक लोक शिक्षण के.के. द्विवेदी ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षा संचालन के संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी विद्यार्थियों को कोविड गाईडलाईन का पालन करते हुए प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएँ परीक्षा से कम से कम एक दिवस पूर्व उपलब्ध करायें जायेंगे। विद्यार्थियों को बार-बार विद्यालय न बुलाना पड़े, इसके लिए एक साथ 2 से 3 प्रश्न-पत्र एक साथ उपलब्ध कराये जा सकते हैं तथा आगामी प्रश्न पत्र प्राप्ति के दिन पूर्व में उपलब्ध कराए गए प्रश्न-पत्रों की उत्तर पुस्तिकाएँ जमा की जायेगी। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को शेष समस्त उत्तर पुस्तिकाएँ 28 जनवरी को और कक्षा 12वीं के लिए शेष सभी उत्तर पुस्तिकाएँ एक फरवरी तक शाला द्वारा निर्धारित तिथि तक शाला में जमा करनी होंगी।

# अवैध शराब की 9 पेटी के साथ गाड़ी को किया जप्त, आरोपी फरार



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित आरटीओ बेरियल के पास अवैध शराब का परिवहन करके ला रही इटियोस कार के अंदर से करीब 9 पेटी अंग्रेजी शराब की जप्त करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना प्रभारी विनय यादव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अवैध शराब भरकर एक गाड़ी राजस्थान से मुरैना के लिए आ रही है, तभी पुलिस ने आरटीओ बेरियल पर नाकाबंदी करते हुए बेरिकेट लगाकर सामने से आती हुई चार पहिया टोयोटा की गाड़ी को रोकने की कोशिश की, तो कार चालक गाड़ी को भगा ले गया, तभी पुलिस ने पीछा कर गाड़ी के अंदर रखी अवैध शराब की 9 पेटी को मौके पर जाकर जप्त कर लिया। वही कार चालक पुलिस को देखकर भागने में सफल हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने टोयोटा की गाड़ी और शराब को जप्त कर थाने में रखवा दिया है। पुलिस ने शराब और गाड़ी की कीमत करीब 3,90 हजार रुपए बताई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती सप्ताह पर युवा मोर्चा ने लगाया रक्तदान शिविर



**सबलगढ।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा सेवा सप्ताह मना रहा है। जिसमें युवा मोर्चा सबलगढ द्वारा बुधवार को सिविल अस्पताल पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें युवा नेता मोहन पचौरी के संयोजन में कई युवाओ ने रक्तदान किया। इस दौरान 35 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। यह रक्त थैलेसेमिया पीडित बालकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। यह रक्तदान शिविर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू परमार के मार्गदर्शन व नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र मरैया, जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा, युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान जिला मंत्री विजय जादौन, सबलगढ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल, महामंत्री पवन राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप शर्मा एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ राजेश शर्मा व डॉ शरद शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया, साथ ही रक्तदान कर रहे युवाओं का पुष्पमाला पहनाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मोहन पचौरी, प्रवीण त्यागी, निशांत शर्मा, देव शर्मा, लक्ष्मी नारायण धाकड, हेमंत सिकरवार, शिवम जादौन, विवेक शिवहरे, छोटू जादौन, सुल्तान रावत, दीपू सिंघल, नवलेश गुप्ता, ध्रुव शर्मा, आशुतोष शर्मा, प्रदीप डण्डोतिया, अभिषेक पांडेय, जीतेन्द्र शुक्ला, अनिल, राहुल, विशाल, विष्णु आदि रक्तदाता शामिल रहे।

# अटेर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

## कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण पंचायत चुनाव में किया गया व्यवधान सरकार ओबीसी आरक्षण के साथ कराएगी चुनाव*

## सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का ग्राम पंचायतों में भूमि पूजन एवं लोकार्पण किए*

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ग्राम पंचायतों में डाला गया व्यवधान भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव करवाना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने बार-बार विधान डालकर चुनाव नहीं होने दिए क्योंकि वह अपने को पिछड़ा वर्ग हितैषी मानते हैं और फिर उसमें रोड़ा अटकाने का काम उन्हीं लोगों ने किया जिसके लिए दिग्विजय सिंह कमलनाथ और विवेक तंखा पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं 7 मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव कराएगी ताकि समाज के लोग स्थानीय निकायों में बैठकर अपने क्षेत्र को विकास को मुख्यधारा से जुड़ सकें द्यमंत्री डॉक्टर भदोरिया ने कहा अटेर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आत्म निर्भर की दिशा से जोड़ने का काम करेंगे ताकि क्षेत्र की एक भी गली और मजरा विकास से जोड़ा जा सके केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को भी जन



जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे ताकि उन्हें योजना अकाउंट को लाभ मिल सकेद्य

**शोक संवेदना परिवारों के बीच पहुंचकर मंत्री डॉक्टर भदोरिया ने बंधाया ढांढसः** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया के निवास स्थान भिंड शहर के गर्ल्स स्कूल वाली गली पहुंचकर उनके पिताजी उदयवीर सिंह भदौरिया जोरी ब्राह्मण गांव के सरपंच अखिलेश पुरोहित के पिताजी शालिग्राम पुरोहित निवास लोधी नगर भिंड पहुंचकर उनके पिता भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज यादव के निवास स्थान ग्राम गढ़पुरा पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से आत्मा शांति की प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान की। मंत्री डॉक्टर भदौरिया ग्राम पंचायत रिदौली में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन ग्राम पंचायत में पर बौरेश्वर मार्ग का लोकार्पण कदौरा मैं करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया के साथ किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव मंडल अध्यक्षों में शैलेंद्र सिंह भदौरिया संतोष सिंह तोमर रायसिंह नरवरिया शैलेंद्र पालीवाल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामअवतार शिवहर देवेंद्र सिंह भदौरिया जनपद उपाध्यक्ष अटेर राजीव सिंह भदौरिया अनिल सिंह भदोरिया,तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच विशेष रूप से शामिल थे।

**सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदोरिया का दूसरे दिन का प्रवास आजः** 20 जनवरी को 11ः00 बजे दीनपुरा के ग्राम मिरचौली से कनकुरा मार्ग का भूमिपूजन 12ः00 बजे रानी विरगंवा में विकास कार्यों का लोकार्पण 1ः30 बजे फूप 2ः30 बजे समन्ना 3ः30 बजे बरही 4ः30 बजे रानीपुरा 21 जनवरी को 11ः00 बजे मटघाना 12ः30 सकराया 2ः00 बजे गजना 3ः00 बजे दुल्हागन 4ः00 बजे मढैयापुरा पहुंचकर शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन एवं सड़क मार्ग तथा अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## वन-टू-वन

### धर्मगुरु के 80 वे जन्मदिन पर श्रद्धालुओं ने दी दीवान को बधाइयां

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मनावर**–कुक्षी आई पंथ के धर्मगुरु ओर पूर्व कैबिनेट मंत्री दीवान माधव सिंह जी राठौर के 80 वे जन्म दिन पर लोगो ने खूब बधाइयां दी ओर धर्मगुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया।उल्लेखनीय हैं कि



दीवान साहब धार्मिक आयोजन के तहत 14से 28जनवरी तक मध्यप्रदेश दौरे पर होने से श्रद्धालुओं को जन्म दिन मनाने का अवसर मिला।जिससे क्षेत्र तथा आसपास के लोगो मे अपने बीच धर्मगुरु को देख खुशियां छा गई।कई लोग भाव विभोर हो गए।जगह जगह धर्मगुरु का स्वागत किया गया।दीवान साहब का 80 वा जन्म दिन मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम कलवानी ( मनावर) में श्रद्धालुओं ने समारोह आयोजित कर हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर ग्राम कलवा नी निवासी गहलोत परिवार के बाबूलाल गहलोत, डॉ ओ पी गहलोत,विकाश गहलोत,आकाश गहलोत द्वारा दीवान ही को पोशाक भेट कि गई।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।गुरु देव ने दी बधाईः समीपस्थ मा अंबिका आश्रम बालीपुर धाम के गुरुदेव योगेशजी महाराज ने धर्मगुरु दीवान माधव सिंह राठौर को 80 वे जन्म दिन पर बधाई देकर मा भगवती से दीर्घायु होने की कामना की।गुरुदेव ने कहा धर्मगुरु का जन्मदिन पर हमारे बीच आना बहुत ही सौभाग्य की बात है।धर्मगुरु द्वारा कहीं बातो को हमेशा अपने जीवन में पालन कर सही मार्ग पर चले।

### महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर सभी क्षत्रिय समाज के लोग हुए एकत्रित



**संतोष सिंह भदौरिया**

**ग्वालियर** /स्मरणीय अमर बलिदानी महाराणा प्रताप जी के 425 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर , श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत के समस्त पदाधिकारी द्वारा गोले के मंदिर चौराहा ग्वालियर में एकत्रित होकर उन्हें याद कर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की !ओर उनको सत् सत् नमन किया जिसमें उपस्थित हमारे आदरणीय दादा श्री अशोक भदौरिया जी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह राजावत जी ओर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ई हरिसिंह सिकरवार ओर प्रदेश महामंत्री श्री अशुप्रताप सिंह राजावत ओर श्री सैलेश सिंह राजावत जी प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया श्री योगेन्द्र राजावत व श्री शोवरन सिंह तोमर श्री विजय सिकरवार श्री नरेश सिकरवार जी ओर श्री विपिन सिकरवार श्री सतेन्द्र राजावत श्री नरेश सिकरवार, वेदप्रकाश सिंह राजावत, अरविंद राजावत, बृजभान तोमर, देवसिंह सिकरवार,के के सिंह राजावत, श्री रामवीर परिहार, अवधेश कुशवाह, सोनू तोमर, विपिन भदौरिया, नरपत सिंह तोमर,श्री मुन्ना तोमर श्री परशुराम जदोन जी राजेश जदोन श्री कृष्णा जदोन श्री बलराम चौहान , रेखा परमार, पुष्पा राजावत, नीलम चौहान, समस्त श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी को श्रद्धांजली अर्पित की ।

## अंधेरे हो लाख घने गिर जाना मेरा अंत नहीं

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय कमला कमला राजा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रों ने युवा सप्ताह के समापन दिवस 19/01/22 को रंगारंग कार्यक्रम के साथ आयोजित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ जयश्री चौहान रहीं।इस अवसर पर डॉ वीणा शुक्ला,डॉ कृष्णा सिंह,डॉ सोनिया सिंह और सुधा सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में युवा सप्ताह के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया गया और प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर प्रमाण पत्र भी छात्राओं को दिए गए।कार्यक्रम में गिर जाना मेरा अंत नहीं शब्दों में पूनम पाल ने कविता प्रस्तुत की।कामिनी शर्मा ने हम संस्कृति के लिए स्वयं विवेकानंद बन जाएंगे गीत प्रस्तुत किया इसके साथ-साथ छात्राओं ने शिक्षा के महत्व को बताने वाली नाटिका की प्रस्तुति दी।छात्राओं में लोकगीत और भाषण के माध्यम से विवेकानंद जी को याद किया।मुख्य अतिथि डॉ चौहान ने छात्राओं को एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने के



लिए प्रेरित किया।डॉ वीणा शुक्ला ने कहा कि सभी छात्राओं को अपने और देश के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए।डॉ कृष्णा सिंह ने छात्राओं को कार्यक्रमों में भागीदारी करने हेतु प्रोत्साहित किया।डॉक्टर सोनिया सिंह ने गुरु और शिष्य के संबंधों के माध्यम से सभी छात्राओं को गुरुजनों की प्रेरणा से अपनी गलतियों को सुधारने और नवीन उन्नति के लिए कार्य करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम का संचालन भानुप्रिया माहौर ने किया और आभार प्रदर्शन पूनम पाल द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अंबाह विधानसभा की विस्तारको की कार्यशाला हुई संपन्न सभी को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारियां



**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा//** भारतीय जनता पार्टी जिला मुरैना ओबाह विधानसभा के पांचो मंडल मैं सभी बूथ विस्तारको प्रबंधकों एवं आईटी सेल प्रभारियों की संयुक्त बैठक माथुर वैश्य धर्मशाला में संपन्न हुई कार्यक्रम शुभारंभ से पहले पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कुशाभाऊ ठाकरे जी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि के रूप में जय सिंह कुशवाह पूर्व साड़ा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को मिलकर अपने अपने बूथ को मजबूत करना है बूथ का 51 प्रतिशत से अधिक हो इस तैयारी को लेकर हम सभी को बूथ पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संपर्क कर समितियां बनाकर कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करनी है सभी को डिजिटल होकर संगठन एप्स का प्रयोग करना है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जय सिंह कुशवाह ग्वालियर मंडल विस्तारक राकेश तोमर राधेश्याम शर्मा खुशीलाल श्रीवास महेंद्र यादव अशोक शर्मा आईटी सेल जिला प्रभारी अमृतांशु शर्मा पूर्व विधायक कमलेश सुमन मन्ना सिंह तोमर महाराज सिंह तोमर आनंद सिंह तोमर मोहर सिंह तोमर मंडल अध्यक्ष गण राम कुमार गुप्ता रामवीर सिंह तोमर सुरेंद्र सिंह तोमर अखिलेश शर्मा राम सिंह तोमर लक्ष्मी नारायण शर्मा संतोष सिंह तोमर संदीप उपाध्याय कमल जाटव कुलवेंद्र सिंह तोमर रामसेवक सखवार अजीत सिंह तोमर महेश सखबार उमेश जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मौ भाजपा कार्यकर्ता बूथ विस्तारक कार्यशाला गोहद में हुए शामिल

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे





मौ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के पितृपुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर संगठन पर्व के रूप में बूथ विस्तारक योजना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी बूथ केंद्र तक जाकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर पार्टी को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी गोहद विधानसभा की बूथ विस्तारक कार्यशाला का आयोजन न्यू मिलन वाटिका में हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, चम्बल सम्भाग के प्रभारी व मेहदपुर के विधायक बहादुर सिंह चौहान ने कहे, विशिष्ट अतिघि भाजपा प्रदेश कार्यसिमिति सदस्य व विधानसभा प्रभारी विवेक जोशी जी उपस्थित हुए एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गोहद कमल सिंह तोमर जी, सज्जन सिंह यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष मौ, हरिनारायण सिंह कुशवाह पूर्व मंडल अध्यक्ष मौ, रामजी लाल शर्मा हरिशंकर भार्गव रघुवीर सिंह पवैया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फरेन्द सिकरवार जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह यादव उपाध्यक्ष महबूब खान लाखन सिंह यादव मर्जाद सिंह यादव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बेनी राम कुशवाहा मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा शैलेंद्र सिंह गुर्जर रघुराज सिंह गुर्जर रामअख्तार सिंह गुर्जर मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य रामकुमार जादौन बबली यादव मुन्ना गुर्जर धर्मेंद्र राणा पर्वत जादौन मुकेश पवैया नरेंद्र तोमर आदि लोग उपस्थित हुए।

## जिला स्तरीय योग कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** ।मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग से संबंध शासकीय योग प्रशिक्षण केंद्र मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग भिंड के तत्वाधान में जिले के सभी शासकीय हाई स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के योग क्लब प्रभारी शिक्षकों की एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन डाइट भिंड में किया गया एवं वर्षभर योग कक्षा का संचालन करने वाले योग शिक्षकों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। उक्त कार्यशाला में पूरे जिले से 170 योग शिक्षक सम्मिलित हुए। योग कार्यशाला में चंबल संभाग के नोडल अधिकारी भोपाल से आए हुए देवीदयाल भारती अध्यक्ष रहे एवं ग्वालियर जिला योग प्रभारी एवं जॉइन डायरेक्टर ग्वालियर प्रतिनिधि, दिनेश चाढ़कर जी मुख्य अतिथि के रुप में पधारे।



इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एच एस तोमर जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन सिंह जादौन ,विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमके तायल, डाइट भिंड के प्रभारी प्राचार्य श्री पीएस चौहान एवं भिंड योग प्रभारी अतुल त्रिपाठी मंचासीन रहे ।अध्यक्ष उद्बोधन में देवीदयाल भारती ने योग के महत्व को बताया उन्होंने कहा की योग जीवन को परिवर्तित करने का बहुत अच्छा माध्यम है इसके माध्यम से आप मन और मस्तिष्क में मजबूत होते हैं इसी प्रकार दिनेश चाढ़कर ने कहा कि कि मैं मधुमेह की बीमारी से ग्रसित था लेकिन जब से मैंने योग करना शुरू किया मेरी मधुमेह की बीमारी नियंत्रण में है एवं मुझे कभी ऊर्जा की कमी महसूस नहीं होती। जिला शिक्षा अधिकारी श्री तोमर ने सभी शिक्षकों से कहा कोरोना महामारी के कारण योग कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही अब आप अगले सत्र में योग कक्षा की तैयारी करें और अगले सत्र में विधिवत योग कक्षाएं लगाएं जिससे कि हमारे बच्चे तन और मन से मजबूत होकर पढ़ाई कर सकें। जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन सिंह जादौन ने कहा की मैं प्रतिदिन प्राणायाम करता हूं योग को जीवन में अपनाने से ऊर्जा का संचार बना रहता है और ऊर्जा ही जीवन है ऊर्जा विहीन व्यक्ति मृतक के समान है जिला योग अधिकारी अतुल त्रिपाठी ने कार्यशाला में प्रतिवेदन का वाचन किया तथा प्रशांत भदोरिया योग शिक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# आज दतिया में भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य अंतर्गत विशाल हृदय रोग शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ

## भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा विस्तारक विधानसभा कार्यशाला में हुए शामिल

**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

बुधवार को भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा राजघाट कॉलोनी अपने निवास पहुंचे और निवास पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इसके पश्चात दतिया जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने सिद्धांता रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित जीरो से 15 साल तक के हृदय रोगी बच्चों का परीक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया आयोजित कार्यक्रम में दतिया जिले के 48 बच्चो का पंजीयन किया गया है जो हृदय रोग से पीड़ित हैं इन सभी बच्चों का प्रदेश की सरकार निशुल्क इलाज कराएगी भाजपा





युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के साथ आए परिजनों को संबोधित करते हुए कहा आपको चिंता करने की जरूरत नहीं प्रदेश की भाजपा सरकार और आप के लाडले विधायक प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा आपके साथ हैं आपको एक भी पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं आपके बच्चों के इलाज में जो भी पैसा खर्च होगा वह मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार और आप के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा करेंगे आप तो अपने बच्चों का ख्याल रखें और कहां आपको अपने बच्चों के इलाज कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी आये तो तत्काल हमें बताएं हम आपकी परेशानी का तत्काल निराकरण करेंगे इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा वृंदावन धाम वाटिका पहुंचे जहां पर आयोजित भाजपा विधानसभा विस्तारक कार्यशाला में शामिल हुए इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा भाजपा कार्यालय प्रांगण पहुंचे यहां पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बिधौलिया भाजपा जिला महामंत्री विपिन गोस्वामी भाजपा जिला महामंत्री डॉ आशाराम अहिरवार भाजपा जिला महामंत्री अनूप यादव भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी डॉ रामजी खरे डॉ सलीम कुरेशी प्रशांत ढेगुला बलदेव राज बल्लू अजय जैन पंकज गुप्ता रघुवीर कुशवाहा प्रवीण पाठक बृजेश यादव देवेंद्र राजपूत डॉ राजू त्यागी सनत पुजारी जोली शुक्ला मानसिंह कुशवाह राहत जेदी गौरव दांगी परशुराम शर्मा अक्कू दुबे रिंकू दुबे अंकित शर्मा रिंकू बुंदेला राहुल पुरोहित मंगल यादव टेलू यादव रोहित शर्मा जितेंद्र मेवाफरोश अमन गुप्ता गौरव गुप्ता अरविंद जाट सीएमएचओ आरबी कुरेले सिविल सर्जन डा के सी राठौर डॉ विशाल वर्मा सहित भाजपा और युवा मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ में मौजूद रहे

# सरपंचो को वित्तीय खजाने की चाबी देने के बाद जागे पूर्व पार्षद

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्टेड से है जहाँ आज शहर के सभी पूर्व पार्षदों ने आकर आज मुख्यमंत्री के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में आम-जन के हितार्थ, विकास एवं सफाई को दृष्टिगत रखते हुये एवं मा0 मुख्यमंत्री महोदय की लागू प्रशासकीय व्यवस्था पूर्णतः असफल होने के बिन्दू को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय निकाय चुनाव अविलम्ब कराने अथवा वैकल्पिक दृष्टि में पूर्व की परिषद को बहाल कर आम जन को राहत देने बावत् ज्ञापन 7

## माननीय महामहिम जी, उपरोक्त विषयांतर्गत आम जनता के हितार्थ ज्ञापन दिया गया



प्राप्त जानकारी के अनुसार दिए गए ज्ञापन में बताया गया यह कि, महामहिम जी को विदित है कि वर्तमान में कोरोनाकाल को दृष्टिगत रखते हुये मा0 मुख्य मंत्री महोदय म.प्र. शासन द्वारा स्थानीय नगरीय निकायों के चुनावों को विगत दो वर्षो से विलम्बित कर रखा है। पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा नगरीय निकायों के चुनावों को स्थगित कर प्रशासनिक अधिकारी को नगरपालिका, नगरनिगम, नगर परिषदों में प्रशासक के रूप में नगरियनिकायों की कमान सौंप दी थी। किन्तु प्रशासक नियुक्त होने के बाद से ही यह देखने में आ रहा है कि नगरिय निकायों द्वारा आम जन की सुविधा के लिये जारी योजनाऐं जैसे बिजली-पानी-सड़क-सफाई आदि.... दे.... आदि. पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।


चुने हुये प्रतिनिधि न होने के कारण आम जन को अपने छोटे-छोटे कार्य जो नगरीयनिकार्या में पड़ते रहते है उन कार्यो को कराने में भी अत्यधिक असुविधों का सामना इस प्रशासनिक व्यवस्था के तहत करना पड़ रहा है।

विगत दो वर्षो से प्रशासनिक व्यवस्था नगरीयनिकायों में लागू हो जाने के बाद से ही निर्माण कार्यो पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है एवं वहीं लाल फीताशाही आम जनता पर हावी नजर आती है। जो कि लोकतंत्र के लिये उचित नहीं है।

विगत दो वर्षो से नगरीयनिकायों में जन-प्रतिनिधियों के अभाव में बार्डो की समुचित साफ-सफाई एवं बार्ड में होने वाले छोटे छोटे कार्यो पर प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नहीं जा पाता है जिस कारण आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर के बार्डो में भारी गंदगी भी देखने को मिल रही है। जिस कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सफाई के उद्देश्य को पा पाना असंभव है।

उक्त सभी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये, आम जनता के हितार्थ अविलम्ब नगरीय निकाय के चुनाव कराया जाना अति आवश्यक है। यदि कोरोनाकाल को दृष्टिगत रखते हुये यदि नगरीय निकायों के चुनाव कराना संभव न हो सकते तो वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पूर्व की परिषद को बहाल किया जाना न्यायोचित है, जिससे आम जनता को राहत मिल सकेगी एवं व्यवस्थाऐं पूर्व की भांति सुचारू रूप से चल सकेगी। जिससे आम लोगों को नगर पालिका में और अपने आसपास सफाई के लिए लाइट के लिए बिजली के खंभों पर बंद लाइट 2 सालो से लोग चालू करने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है लेकिन किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नही हो रही है पिछ्ले 2 सालों से आम लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनकी किसी भी प्रकार की कार्य की कोई भी सुनवाई नगरपालिका में नहीं की जाती और वर्तमान में पदस्थ सीएमओ शैलेंद्र अवस्थी जी अपना ऑफिस अपना घर पर ही चलाते हैं और नगरपालिका में नहीं बैठते इसके कारण कोई भी कर्मचारी अपना कार सही ढंग से नहीं करता है और अपनी मनमानी करता है बात गंदगी की करें तो वर्तमान समय में नगर पालिका में ही इतनी गंदगी पसरी हुई है शहर को साफ करना तो इनके बस में भी नहीं।

## वन-टू-वन



### सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म की शूटिंग के दौरान हंगामा

**इंदौर।** सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म लुका छुपी-2 की शूटिंग के दौरान जमकर हंगामा हुआ. मंगलवार को क्रिश्चियन कॉलेज में एग्जाम देने आए स्टूडेंट्स ने बवाल किया. छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्हें परीक्षा देने से रोका जा रहा है, जबकि कॉलेज मैनेजमेंट का कहना था कि फिल्म की शूटिंग अलग बिल्डिंग में चल रही थी, जबकि एग्जाम दूसरी बिल्डिंग में हो रहे थे. किसी को परीक्षा के लिए रोका नहीं गया. कॉलेज में परीक्षा के दौरान फिल्म की शूटिंग चल रही थी. विक्की कौशल और सारा अली खान कॉलेज में मौजूद थे। परीक्षा देने आए छात्रों का कहना था कि कॉलेज के अंदर फिल्म की शूटिंग चल रही थी. इस वजह से उन्हें परीक्षा देने से रोका जा रहा था. कोई उन्हें अंदर आने नहीं दे रहा था. इस बात पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के बाहर जमकर हंगामा किया. तो वहीं कॉलेज मैनेजमेंट का कहना है कि फिल्म की शूटिंग के लिए टीम सुबह पहुंची थी. दोपहर से यूनिवर्सिटी एग्जाम शुरू होने थे। कॉलेज मैनेजमेंट का कहना है कि फिल्म की शूटिंग कॉलेज की दूसरी बिल्डिंग में चल रही थी. इसी जगह कॉलेज का दूसरा बोर्ड लगा हुआ था. शूटिंग की वजह से ही कॉलेज के बोर्ड पर कुटुम्ब न्यायालय का बोर्ड लगा दिया था. इस पर छात्रों ने आपत्ति जताई और हंगामा करने लगे। यूनिवर्सिटी के एग्जाम दूसरी बिल्डिंग में थे. कुछ छात्र एग्जाम देने पहुंच गए, लेकिन कुछ विवाद करने लगे. वहीं, छात्रों का कहना है कि शूटिंग की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### 13 साल 9 महीने से जेल में था, अब कोर्ट ने माना हत्या नहीं की थी

**इंदौर।** सत्र न्यायालय ने एक व्यक्ति को 2008 में ही हत्यारा मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी थी। 13 साल 9 महीने से वह जेल में बंद है। कई बार जमानत के लिए हाई कोर्ट में गुहार भी लगाई लेकिन राहत नहीं मिली। जेल की सलाखों के पीछे न्याय के लिए वह छटपटाता रहा। अब हाई कोर्ट ने माना कि उसने हत्या नहीं की। 13 साल पुराने सत्र न्यायालय के फैसले को पलटते हुए कोर्ट ने उसे बरी करने के आदेश दे दिए। मामला उज्जैन निवासी संजय मेहर का है। 12 सितंबर 2008 को उज्जैन जिला एवं सत्र न्यायालय ने उसे दो अन्य लोगों के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोप था कि संजय ने आपसी विवाद में राम उर्फ नीरज नामक व्यक्ति की हत्या की थी। घटना 17 दिसंबर 2006 की थी। पुलिस के मुताबिक संजय मेहर और दो अन्य लोगों का राहुल नामक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। आरोपितों ने राहुल पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बीचबचाव करने आए राम उर्फ नीरज पर भी आरोपितों ने हमला किया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां राम की मौत हो गई। पुलिस ने संजय मेहर और दो अन्य के खिलाफ धारा 302-34 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाद में इस मामले में सात और लोगों को आरोपित बना दिया। 2008 में सत्र न्यायालय ने सात आरोपितों को बरी करते हुए संजय मेहर सहित तीन आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। संजय ने एडवोकेट धर्मेंद्र चेलावत के माध्यम से सत्र न्यायालय के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। एडवोकेट चेलावत ने बताया कि हाई कोर्ट ने सत्र न्यायालय के फैसले को निरस्त करते हुए संजय को बरी कर दिया।

### इंदौर से ललितपुर जा रही बस अशोकनगर में पलटी, 5 यात्री घायल

**अशोकनगर।** शहर के बायपास रोड पर पुलिस कंट्रोल रूम के पास बुधवार को सुबह एक स्लीपर कोच बस पलट गई। यह हादसा कोहरे की वजह से हुआ। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बस में सवार 5 लोगों को चोट आई है। इन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# स्वामी जी राष्ट्रीय संत और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं: देवेश शर्मा

### उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी से मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन आज 19 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, भिण्ड में हुआ। संस्था में संचालित विधिक साक्षरता क्लब एवम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अधक्षता प्राचार्य पी एस चौहान ने की और मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा सहायता अधिकारी देवेश शर्मा जी उपस्थित रहे।इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए देवेश शर्मा ने कहा स्वामी विवेकनंद ने भारतीय संस्कृति,वेदांत और योग को विश्वपटल पर पहिचान दिलाने में महत्पूर्ण योगदान दिया। वे एक राष्ट्रीय संत थे,युग प्रवर्तक के रूप में वे हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहेंगे। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी जी के दर्शन और विचारों को हमें आत्मसात करना चाहिए। उनका जीवन दर्शन पढ़कर उनके आदर्शों से युवाओं को अनंत ऊर्जा प्राप्त होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय युवा सप्ताह स्वामी जी की 159 वीं जयंती के अवसर पर मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय युवा वर्ष 2022 की थीम %इट्स ऑल इन द माइंड % यानी %यह सब दिमाग में है%रखी गई है। युवा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां निबंध एवं चित्रकला प्रतियगिता आदि ऑनलाइन संपन्न कराई गई तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए घर पर ही स्वयंसेवकों ने किया।



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्रों ने कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पूर्णतः पालन करने की शपथ ली और अपने संकल्प को पुनः दोहराया कि हम सब सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए स्वयं सदैव मास्क पहनेंगे तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता जे एन पाठक,उच्च माध्यमिक शिक्षक सतेंद्र सिंह भदौरिया, धीरज सिंह गुर्जर सहित छात्र उदय प्रजापति,गौरव कुशवाह, आरती यादव,प्राची भदौरिया, श्वेता, अंशिका, रोहित,कृष्णा नरवरिया आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्येक बूथ को सशक्त एवं डिजिटल बनाना है: सांसद डॉक्टर के पी यादव



### सांसद डॉक्टर के पी यादव ने भाजपा की बूथ विस्तारक योजना बैठक में लिया भाग

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के पितृपुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर संगठन पर्व के रूप में बूथ विस्तारक योजना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी बूथ केंद्र तक जाकर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर पार्टी को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। गुना-शिवपुरी- अशोकनगर के सांसद डॉक्टर के पी यादव चंदेरी विधानसभा के ढाकोनी मंडल ग्राम खिरिया देवत एवं नई सराय मंडल के ग्राम अमरोद पहुंचे। जहां पर बूथ विस्तारको, एप संचालकों एवं बूथ समिति के सदस्यों के साथ उन्होंने बैठक कर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। सांसद डॉक्टर के पी यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है तो उसका पूरा श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। सांसद यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब-जब अस्तित्व में आती है वह गांव,गरीब,मजदूर,विद्यार्थी, महिला प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं लेकर आते हैं एवं उन पर क्रियान्वयन भी करते हैं।उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,उज्ज्वला योजना जैसी योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा संचालित की गई एवं लोगों तक सीधा पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाया गया। सांसद यादव ने कहा कि हमारा बूथ मजबूत होगा तो हम अपनी सरकार को अधिक सशक्त कर पाएंगे वह देश हित में निर्णय लेने में सक्षम होंगे।


इस अवसर पर बैठक को जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी जी ने भी संबोधित किया व कार्यकर्ताओं को अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में सांसद डॉक्टर के पी यादव ने भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर सम्मानित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। बैठक में जिला महामंत्री अनूप सिंह रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी,मंडल अध्यक्ष ढाकोनी नरेंद्र रघुवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामबाबू यादव,सांसद प्रतिनिधि अनिल रघुवंशी,नई सराय मंडल अध्यक्ष सोनू रघुवंशी, बूथ के एप संचालक विस्तारक,बूथ समिति सदस्य एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### सांसद डॉक्टर के पी यादव ने नवोदय विद्यालय का किया भ्रमण

ग्राम देवत खिरिया स्थित केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय का गुना अशोकनगर सांसद डॉक्टर के पी यादव ने भ्रमण कर सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। प्राचार्य ने विद्यालय की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। इस पर सांसद डॉक्टर के पी यादव ने सभी समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वासन विद्यालय को दिया।

# भाजपा की बूथ विस्तारक कार्यशाला हुई सम्पन





**गोहद** भारतीय जनता पार्टी गोहद विधानसभा की बूथ विस्तारक कार्यशाला का आयोजन न्यू मिलन वाटिका में हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, चम्बल सम्भाग के प्रभारी व मेहदपुर के विधायक बहादुर सिंह चौहान, विशिष्ट अतिघि भाजपा प्रदेश कार्यसिमिति सदस्य व विधानसभा प्रभारी विवेक जोशी, अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन ने की कार्यक्रम का संचलन महामन्त्री आशीष शर्मा व आभार मण्डल उपाध्यक्ष सन्तोष राठौर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने बूथ को मजबूत करने के लिये जो विस्तारक निकाले है उनको आईटी विस्तारक के साथ पार्टी द्वारा किये गए कार्य को अतिशीघ्र सम्पन करना है जिससे कि हमारा शक्ति केंद्र मजबूत हो सके। जिसके लिये भाजपा का नारा है मेरा बूथ सबसे मजबूत यथार्त हो सके। बूथों पर कार्य को बढ़ाने के लिए भाजपा ने नगर केंद्र व ग्राम केंद्र पर विस्तारक निकाले है जो मण्डल विस्तारक के साथ मिलकर काम करेंगे। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से रवि शर्मा, दीपक तोमर, देवेंद्र गौड़, गोपाल कुशवाह, चन्द्रशेखर शर्मा, मेहताब सिंह गुर्जर, कमल सिंह तोमर, सज्जन सिंह यादव, विनोद माहोर, प्रमोद कामत, राजेश नागर, रवि गुर्जर, राकेश गौड़, सौरभ पांडेय, जवान सिंह गुर्जर, दशरथ घुरैया, पिंकी सगर, धर्मन्द्र गुर्जर, कौशल भटेले, प्रदीप भरद्वाज, रिंकू भटेले, जुगल सोनी, विक्रम शर्मा, सुरेंद्र गौड़, राजकुमार तोमर, अम्रत लाल माहोर, धुर्व बोहरे, मयंक काकर, भुसेवक शर्मा, हरिओम भटेले, रामप्रसाद कुशवाह, सन्तोष प्रजापति, भीकम कौशल, रामसिया जाटव, लाखन सिंह गुर्जर, दिनेश धनेलिया के साथ नगर व ग्राम केंद्र के विस्तारक, आईटी विस्तारक व प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# महिला मोर्चा के संगठन को प्रत्येक बूथ केंद्र मजबूती के साथ करेंगे कार्य : आभा जैन

### श्रीमती आभा जैन भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नियुक्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की अनुशंसा पर जैन समाज की प्रमुख संभागीय और प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी समाज सेविका श्रीमती आभा जैन को भाजपा महिला मोर्चा भिंड जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है 7 उन्होंने अपने इस दायित्व पर पार्टी के प्रदेश एवं संभाग तथा जिले के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया द्य

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आभा जैन ने कहा की जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जिले के सभी बूथ केंद्रों पर मजबूत बनाने का कार्य करूंगी 7 साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की महिला हितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य किया जाएगा, सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करूंगी द्य



महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश चतुर्वेदी पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता कोक सिंह नरवरिया किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर प्रदेश मंत्री नंदराम सिंह बघेल प्रदेश कार्यसमिति प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में अवधेश सिंह कुशवाह केशव सिंह भदोरिया वीरेंद्र राणा संजीव का कर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे रवि सेन जैन संजीव का कर रमेश दुबे अशोक चौधरी अमरीश शर्मा रोमेश महंत देवेंद्र सिंह नरवरिया महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में रजनी दीक्षित श्रीवास्तव श्रीमती सीमा शर्मा सरोज जोशी पिंकी शर्मा श्रीमती राजकुमारी जैन उषा नगरिया सुशीला नरवरिया शीला शर्मा गीता राजावत देवी राठौर पूर्णिमा भदोरिया सुधा राठोर विनीता सोनी अनीता चोपड़ा सरोज श्रीवास्तव शशि मिश्रा संगीता कौशल सरपंच, अर्चना शर्मा ज्योति बहरे सोनम त्यागी कमलेश जुनेजा आदि प्रमुख है।

### सहकारिता मंत्री डाक्टर अरविंद भदौरिया ने पब्लिक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन को गुलदस्ता देकर दी बधाई

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने जैन समाज की प्रमुख कई संगठनों से जुड़ी श्रीमती आभा जैन को भाजपा महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी और महिला मोर्चा के संगठन को गति प्रदान करने के लिए कई प्रकार के टिप्स दिए कहा कि हम सब आपके साथ हमेशा खड़े रहेंगे।

# नगर निगम द्वारा इंटक मैदान में बनाए गए नवीन हॉकर्स जोन में ठेला व्यवसाइयों को आवंटित किया स्थान





ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा हजीरा सब्जी मंडी में व्यवसाय करने वाले चाट ठेला, फल का ठेला एवं कपडा, कॉस्मैटिक आदि का ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों को इंटक मैदान स्थित नये एवं व्यवस्थित हॉकर्स जोन में शिफ्ट किया जाकर आज बुधवार को लॉटरी सिस्टम द्वारा स्थान आवंटित किया गया।

नोडल अधिकारी राजस्व श्री लोकेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इंटक मैदान में बनाये गए नये एवं व्यवस्थित हॉकर्स जोन में आज 30 चाट ठेला, 55 फल ठेला एवं 160 अन्य ठेला व्यवसाइयों को स्थान आंवटित कर व्यवस्थित किया गया। इन सभी व्यवसाइयों द्वारा व्यवस्थित रूप से अपना व्यापार प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, सीएसपी श्री रवि भदौरिया, थाना प्रभारी श्री मनीष धाकड, उपायुक्त श्री सुनील सिंह चौहान, श्री लोकेन्द्र सिंह चौहान एवं समस्त राजस्व व मदाखलत अमला मौजूद रहा।

### इंटक मैदान में शिफ्ट किये गए सब्जी व्यवसाइयों के लिये कराया अनाउंसमेंट एवं दिये नोटिस

नगर निगम ग्वालियर द्वारा हजीरा सब्जी मंडी को नये स्वरूप में इंटक मैदान में व्यवस्थित किया गया है तथा सभी सब्जी व्यवसाइयों को इंटक मैदान में चबूतरा आवंटित किया गया है। इसके बावजूद सब्जी व्यवसाइयों द्वारा इंटक मैदान में आंवटित चबूतरे पर अपना व्यवसाय प्रारंभ नहीं किया गया जिसको लेकर आज बुधवार को नगर निगम ग्वालियर द्वारा पूरे क्षेत्र में अनाउंसमेंट कराकर सभी सब्जी व्यवसाइयों को सूचित किया गया कि वह दो दिन में आवंटित चबूतरे पर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर दें अन्यथा 21 जनवरी के बाद वह चबूतरा किसी अन्य सब्जी व्यवसायी को आवंटित कर दिया जाएगा तथा वर्तमान में आवंटित चबूतरा धारियों को फिर किसी भी प्रकार का आवंटन नहीं किया जाएगा तथा उनके समस्त आवंटन निरस्त किये जएगें। इसके साथ ही सभी सब्जी व्यवसाइयों को नोटिस भी जारी किये गए।

## सभी अपर आयुक्त एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में कम से कम एक एक वार्ड बनाएं जीरो वेस्ट वार्ड

ग्वालियर। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आत्मनिर्भर वार्ड की दिशा में आगे ब?ते हुए सभी अपर आयुक्त एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में कम से कम 1-1 वार्ड आत्मनिर्भर वार्ड के रूप में विकसित करें। इसकी सूची शनिवार तक सभी प्रस्तुत करें। इसके साथ ही स्वच्छता रैंकिंग में टॉप एवं बॉटम 5 में आने वाले वार्डों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। यह निर्देश निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वच्छता की समीक्षा के दौरान वीसी में सभी अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता समीक्षा के दौरान निगम प्रशासक श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि जीरो वेस्ट हाउसहोल्ड के लिए घर में कंपोस्टिंग किस प्रकार से की जाए इसके लिए विभिन्न संस्थाओं को आमंत्रित कर उनके उत्पादों का प्रदर्शन कराया जाए तथा जो बेस्ट उत्पाद हो उन्हें प्रमोट किया जाए और प्रत्येक घर में लोग गीले कचरे की कंपोस्टिंग कर घरेलू खाद बनाएं। निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि इस प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन हम 26 जनवरी पर कर सकते हैं तथा आम जनों को प्रोत्साहित करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार भी किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने वार्ड ब्रांड एंबेसडर घोषित करने के लिए विभिन्न 5 श्रेणियों में प्रत्येक वार्ड से नागरिकों का चयन करने के निर्देश सभी वार्ड मोनिटरों को दिए। इसके साथ ही पार्क अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक एक पार्क ऐसा तैयार करें जहां कंपोस्टिंग होना आवश्यक हो तथा उसे आदर्श के रूप में वार्ड के नागरिकों के सामने प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि कंपोस्टिंग के लिए टांका तो लगभग हर पार्क में बना हुआ है लेकिन वहां अभी कंपोस्टिंग नहीं हो रही है इसलिए अभी प्रारंभिक तौर पर कम से कम एक एक वार्ड में कंपोस्टिंग प्रारंभ कराएं। इसके साथ ही सभी सीटीपीटी का निरीक्षण करें जहां भी जो काम होना है उसे तत्काल पूर्ण कराएं। चर्चा के दौरान वार्ड वार की जा रही रैंकिंग में विधानसभा स्तर पर प्रथम स्थान पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपेन्द्र सिंह सेंगर को प्रशंसा पत्र तथा अंतिम स्थान पर रहने वाले स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश चित्तोडिया को सचेत पत्र जारी करने के निर्देश दिये गए।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा मिलते ही खुशी से छलक उठीं दिव्यांग प्रमोद की आंखे

**अब सर उठाकर कर सकेगें परिवार का भरण पोषण**

ग्वालियर। कोरोना महामारी के चलते परिवार के भरण पोषण के लिये परेशान हो चुके दिव्यांग श्री प्रमोद सिंह भदौरिया को जैसे ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत ई-रिक्शा मिला तो उनकी आंखे खुशी से छलक उठीं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आय के सभी साधन खत्म हो गए थे जो कुछ बचत करके रखी थी, वह भी लोकडाउन में खत्म हो गई थी। उपर से दिव्यांग होने के कारण मुझे रोजगार नहीं मिल रहा था जिससे जीवन यापन करने में बडी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा था। श्री प्रमोद सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत ई-रिक्शा के लिये सभी कागजी कार्यवाही कर आवेदन किया तथा आवेदन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिटी सेंटर द्वारा बेरीफाई कर लोन स्वीकृत कर दिया। श्री प्रमोद भदौरिया शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं लेकिन उनके हुनर व अनुभव को देखते हुए उन्हें बाल भवन में लगाये गए रोजगार मेले में ईरिक्शा प्रदान किया गया है। अब वह खुशी से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सकेगें। इसके लिये श्री भदौरिया ने नगर निगम, बैंक व प्रदेश सरकार का धन्यवाद दिया।

### मंहगाई ने कर दिया प्रदेश की जनता का खाना खराब भाजपा ने सस्ती कर दी शराब : कांग्रेस

ग्वालियर 19 जनवरी। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को आज भेजे गए ईमेल पत्र में ग्वालियर विकास प्राधीकरण के पूर्व संचालक राजकुमार शर्मा ने धिक्कार भेजते हुए कहा कि मंहगाई हर वर्ग का खाना कर दिया है खराब, और भाजपा ने कर दी सस्ती शराब, जिससे प्रदेश यूवा वर्ग होगा बर्बाद। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को आज भेजे गए ईमेल पत्र में ग्वालियर विकास प्राधीकरण के पूर्व संचालक राजकुमार शर्मा ने धिक्कार भेजते हुए कहा कि भाजपा सरकार को सस्ती शराब करने के बजाए रोटी, कप?ा मकान के संसाधन सस्ते करते, व्यापार उद्योग, दुकानदारी, पेट्रोल डीजल पर टेक्स कम करते ओर जनता को राहत दिलाते।

## सांसद श्री शेजवलकर ने किया वन स्टॉप सेंटर के भवन का शिलान्यास



ग्वालियर।हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा सुविधा, काउंसलिंग, पुलिस सहायता, विधिक सहायता एवं आश्रय प्रदान करने के लिए केंद्र शासन की योजना अनुसार महिला बाल विकास द्वारा वन स्टॉप सेंटर के नए भवन का निर्माण जया रोग अस्पताल परिसर में किया जा रहा है जिसका शिलान्यास आज सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजीव सिंह, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री राहुल पाठक उपस्थित थे।

वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती उर्मिला यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार की योजना अनुसार महिला बाल विकास द्वारा जया रोग अस्पताल परिसर में संचालित किए जा रहे वन स्टॉप सेंटर के नए भवन का निर्माण 48 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। जिसका शिलान्यास आज बुधवार को अतिथियों द्वारा किया गया।

श्रीमती यादव ने बताया कि वर्तमान में संचालित वन स्टॉप सेंटर में किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को आपातकालीन स्थिति में बचाव संबंधी सेवाएं, चिकित्सीय सहायता, महिलाओं को एफ आई आर, एन सी आर, डी आई आर दर्ज कराने में सहायता प्रदान करना, मनोसामाजिक परामर्श, विधिक सहायता एवं परामर्श, आश्रय एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि की सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्रदान की जाती हैं।

### बूथ विस्तारक योजना पार्टी का सबसे बड़ा अभियान हैः विवेक शेजवलकर




ग्वालियर। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अभी तक जितने भी अभियान हाथ में लिए हैं उन सभी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू होने वाली बूथ विस्तारक योजना अभी तक का पार्टी का सबसे ब?ा अभियान है। इस अभियान के माध्यम से हमारे बूथ डिजिटल तो होंगे ही साथ ही संगठन का कार्य विस्तार भी होगा। उक्त बात बुधवार को सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने लक्ष्मीगंज स्थित अराधना गार्ड में आयोजित ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के बूथ विस्तारक विधानसभावार कार्यशाला में कही। श्री शेजवलकर ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष में बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत कल 20 जनवरी से सुबह 8 बजे से 10 दिन में ग्वालियर जिले से लगभग 200 से अधिक विस्तारक 100 घण्टे अपने निर्धारित बूथों पर देंगे, इस तरह हमारे कार्यकर्ता बूथों पर कार्य कर कुशाभाऊ ठाकरे को श्रद्धांजलि देंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि हम श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी का जन्म शताब्दी मना रहे हैं। ठाकरे जी संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं संगठन का विस्तार करने के लिए घर-घर संपर्क किया करते थे, जो हमारे आदर्श हैं।

### डेढ़ महीने से लापता युवती आगरा में मिली

ग्वालियर । डेढ़ माह पूर्व लापता हुई युवती पुलिस को आगरा में उस समय मिली, जब पुलिस वारंटी तलाशने के लिए आगरा में दबिश दे रही थी। युवती अपने प्रेमी के साथ गई थी और शादी कर ली है। अब पुलिस युवती को निगरानी में लेकर ग्वालियर आ गई है और उसे न्यायालय में पेश करेगी। टीआई महाराजपुरा प्रशांत यादव ने बताया कि आदित्यपुरम इलाके से दिसम्बर माह में एक युवती लापता हो गई थी। युवती को गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस उसे लगातार तलाश रही थी, लेकिन उसका सुराग नहीं मिल रहा था। बीते रोज एसआई सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, आरक्षक कुलदीप, भीकम, कुंजविहारी, विजय के साथ आगरा में वारंटी को तलाशने गए थे। पुलिस जब वारंटी की तलाश कर रही थी कि तभी एक युवती दिखी, यह वही युवती थी, जिसकी डेढ़ माह पूर्व गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पुलिस कर्मियों ने युवती को रोक कर पड़ताल और पूछताछ की तो युवती ने अपना नाम दूसरा नाम बताया। लेकिन शंका होने पर पुलिस टीम उससे पूछताछ करती रही और उसने मोबाइल पर ही युवती का फोटो मंगा लिया। इसके बाद युवती की पहचान हो गई। इसके बाद पुलिस ने युवती के साथ अजय नामक युवक को भी पकड़ा। अजय को पकड़ने के बाद युवती ने बताया कि वह आपस में प्रेम करते हैं।






## धन का लोभ त्यागें और धर्म की राह पर चलिएः मुनिश्री

### अभूतपूर्व पावन वर्षायोग में मुनिराजों की ऑल लाइन मंगल अमृतवाणी चल रही है

### मुनिश्री के चंपाबाग धर्मशाला में विराजमान है।

ग्वालियर। मनुष्य को दो चीजों से हमेशा दूर रहना चाहिए एक तो क्रोध व दूसरा अहंकार। यह दोनों चीजें मनुष्य के जीवन को नर्क बना देती हैं। जिस मनुष्य के पास धन नहीं होता उसे नींद से उठाने की जरूरत प?ती है लेकिन जिसके पास धन होता है उसे सुलाने के लिए नींद की गोलियां देनी प?ती है। इस लिए धन का लोभ त्यागें और धर्म की राह पर चलिए। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज बुधवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में ऑल लाइन धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मोजूद थे।



मुनिश्री ने कहा कि हमें गुरु का हाथ नहीं पक?ना चाहिए बल्कि गुरु को अपना हाथ पक?ना चाहिए क्योंकि मुश्किल समय में हम गुरु का हाथ छो? सकते हैं लेकिन गुरु हमारा हाथ कभी नहीं छो?गा। उन्होंने ने कहा कि साधु और गुरू में अंतर होता है। साधु स्वयं के लिए होता है और अपना कल्याण करता है जब कि गुरु शिष्यों के लिए समर्पित होता है और अपने शिष्यों का कल्याण करता है।

**मुनिश्री के समाजजनों ने पदाप्रक्षालन कर धर्मसभा का शुभारंभ किया**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी नीतू दीदी ने मंगल चरण कर किया। समाजजनों ने मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के चरणों का पदाप्रक्षालन किया। मुनिश्री के चरणों में समिति के विनय कासलीवाल, अनिल जैन, जैन मिलन ग्वालियर के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, पंकज बाकलीवाल, संजय जैन, मिखिल जैन आदि ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

**शराब की आदत से व्यक्ति को बचना चाहिए**

मुनिश्री ने कहा कि आज दुनिया में जितने भी अपराध होते हैं उसमें नब्बे प्रतिशत अपराध का संबंध शराब के साथ होता है। जहां मद्यपान होता है वहां अन्य प्रकार के अपराध होते ही हैं। शराब की आदत से व्यक्ति को बचना चाहिए और इससे बचने के लिए एक ही काम उन्हें करना है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478